राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




11 फिल्म बागी 4 में नजर आएंगी अभिनेत्री...



चार आरोपियों के खिलाफ केस ... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 281, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना के जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात एक सेना के जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सैनिक की पहचान हवलदार इंदेश कुमार के रूप में हुई है। वह मंजाकोट इलाके के अंजनवाली गांव में अपने कैंप में संतरी की



ड्यूटी पर तैनात थे। इंदेश कुमार ने मंगलवार रात को खुद को गोली मारी है। आत्महत्या के कारण सामने नहीं आए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इससे पहले उधमपुर जिले के रहमबल क्षेत्र में भी ऐसी घटना हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने अपने सहकर्मी को गोली मारकर खुद को भी गोली मार ली।इनकी पहचान हेड कांस्टेबल मलिक और कांस्टेबल (ड्राइवर) मंजीत सिंह के रूप में हुई। घटना सुबह 6:30 बजे सोपोर से रियासी जिले में सहायक प्रशिक्षण केंद्र जाते समय हुई थी।पुलिस अधिकारी ने बताया कि मलिक एके-47 से गोली मारी थी। यह आपसी रंजिश का मामला था। जनवरी से दिसंबर तक एक साल के अंदर जम्मू-कश्मीर में तैनात कई जवानों ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की कोशिश की है, जिसमें कुछ की मौत हुई है।नवंबर में श्रीनगर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, राजौरी में सेना के शिविर में और उधमपुर के सेना अस्पताल में तैनात जवानों ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारी थी।सितंबर में पुंछ में संतरी की ड्यूटी पर तैनात एक जवान ने भी खुद को गोली मारी थी।

### 150 फीट गहरे बोरवेल में फंसे 5 वर्षीय आर्यन की मौत, बचाने के प्रयास नाकाम

जयपुर,12 दिसंबर (आरएनएस)। राजस्थान के दौसा जिले में 150 फीट गहरे बोरवेल में फंसे 5 वर्षीय आर्यन को बचाने के सभी प्रयास नाकाम हो गए। उसने बोरवेल में भी बुधवार रात को दम तोड़ दिया।आर्यन पिछले 57 घंटे यानी 2 दिन से अधिक समय तक बोरवेल में ही फंसा था। उसे पाइप के जरिए ऑक्सीजन दी जा रही थी।बुधवार रात 11:45 बजे उसे बेहोशी हालत में रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आर्यन सोमवार 9 दिसंबर को घर के बाहर खेल रहा था, तभी 100 फीट दूर 150 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। हादसे के समय आर्यन अपनी मां के साथ खेल रहा था।आर्यन की मां ने उसे पकड? की कोशिश की, लेकिन तब तक वह गड्ढे में गिर चुका था। बोरवेल परिवार का ही था, जो 3 साल पहले खोदा गया था। हालांकि, इसमें मोटर फंसने से यह चल नहीं रहा था।इसे बंद भी नहीं कराया गया था।आर्यन के गड्ढे में गिरने के 1 घंटे बाद उसे बचाने का अभियान शुरू हुआ। इस दौरान पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान जुटे रहे।48 घंटे तक कोई सफलता नहीं मिली तो, बुधवार सुबह पाइलिंग मशीन से बोरवेल के बगल में 125 फीट गहरा गड्ढा किया गया। इस दौरान मशीन खराब हो गई और.दूसरी मशीन आने में 3 से 4 घंटे का समय लगा।इस दौरान बचाव अभियान बाधित रहा। मशीन आने पर काम शुरू हुआ तो 150 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया, लेकिन उससे भी कोई फायदा नहीं हुआ। बच्चे पर कैमरे से नजर रखी जा रही थी।बच्चे के ऊपर मिट्टी गिर गई थी। वह भूखा-प्यासा भी था।

### रेप के आरोपी ने जमानत से बाहर आकर की पीड़िता की हत्या

**झारसुगुड़ा (आरएनएस)।** ओडिशा में एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. नाबालिग लडकी से रेप मामले के आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आया और कथित तौर पर पीड़िता की हत्या कर दी. उसके बाद उसने शव के पहले कई टुकड़े किए और फिर उन टुकडों को अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया. इस बात की जानकारी पुलिस ने दी. पुलिस ने बताया कि पिछले साल अगस्त में रेप के आरोपी कुनु किशन को सुंदरगढ़ जिले में नाबालिग से रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता ने धारुआडीह पुलिस स्टेशन में रेप का केस दर्ज कराया था. वहीं, पिछले साल दिसंबर में आरोपी जेल से रिहा हुआ. झारसुगुड़ा के एसपी परमार स्मित पुरुषोत्तमदास ने जानकारी दी कि इस महीने की 7 तारीख को पीड़िता के परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई. जांच की गई तो सीसीटीवी में पाया गया कि वह दो व्यक्तियों के साथ एक बाइक पर जा रही है. बाइक पर सवार दोनों लडकों ने हेलमेट पहना हुआ था इस वजह से उनके चेहरे दिखाई नहीं दिए।

## चुनाव से पहले दिल्ली की महिलाओं को लेकर बड़ा फैसला, कैबिनेट ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान निधि को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनावी साल में आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली की महिला वोटरों को लुभाने के लिए बड़ा फैसला लिया है. चालू वित्त वर्ष में दिल्ली में 18 साल और उससे ज्यादा उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 मुख्यमंत्री महिला सम्मान निधि के रूप में देने का सरकार ने ऐलान किया था, उस ऐलान के बाद आज दिल्ली कैबिनेट ने उसे मंजूरी दे दी है. अब इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा.

गुरुवार को मुख्यमंत्री आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी. इस योजना के तहत दिल्ली में रहने वाली 18 साल से ऊपर उम्र की महिलाओं को हजार रुपये दिए जाएंगे. इस योजना को लेकर



सबसे पहले मुख्यमंत्री आतिशी ने चालू वित्त वर्ष का बजट पेश करने के दौरान ऐलान किया था. 4 मार्च को विधानसभा में सरकार ने इस योजना के बारे में घोषणा किया था, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि, यह दिल्ली की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है. अब महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपए की सौगात मिलने के लिए रास्ता साफ हो गया है. 18 साल से अधिक उम्र की सभी बहन-बेटियों, माताओं और बहनों को अब मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल ने 200 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वालों को मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया था. जो पिछले विधानसभा चुनाव का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ था. उससे पहले तक दिल्ली में प्रतिमाह 400 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वाले को बिल में 50 फीसद की छूट मिलती थी. लेकिन वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले केजरीवाल ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली का ऐलान दिया था. साथ ही दिल्ली की डीटीसी बसों में महिलाओं की मुफ्त बस में सफर का भी ऐलान किया था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के वक्तव्य पर राज्यसभा में चर्चा की मांग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज द्वारा दिए गए कथित विवादित बयान का मुद्दा गुरुवार को राज्यसभा में उठया गया। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने



इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज द्वारा दिए गए वक्तव्य पर नियम 267 के तहत चर्चा की मांग की। हालांकि सभापति ने इस विषय पर चर्चा की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि नियम 267 के तहत इस पर चर्चा नहीं हो सकती। सभापति ने कहा कि इस संदर्भ में नियम बहुत स्पष्ट है जो कि हम ही लोगों द्वारा बनाया गया है।

गौरतलब है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव ने बीते दिनों प्रयागराज में आयोजित विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल के एक कार्यक्रम में यह कथित विवादित बयान दिया था। कांग्रेस की रेणुका चौधरी इसी बयान पर विरोध दर्ज कराते हुए सदन में इसकी चर्चा करना चाहती थीं लेकिन उनको इसकी अनुमति नहीं मिली।

इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्ष ने कई अन्य विषयों पर भी नियम 267 के तहत नोटिस दिए थे लेकिन उन सभी को अस्वीकृत कर दिया गया।

## दिल्ली में बर्फीली हवाओं से टूटा 14 साल का रिकॉर्ड, 4.5 डिग्री दर्ज किया गया पारा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में सर्दी ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ी है और तापमान में काफी गिरावट है।गुरुवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री गिरकर 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शिमला से भी कम है। इसने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री कम 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

दिल्ली में एक दिन पहले बुधवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन लगातार ठंडी हवाओं से गुरुवार को यह 0.4 डिग्री और कम हो गया।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि दिल्ली का तापमान अगले 3 दिन तक 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। 15 दिसंबर के बाद यह 5-6 डिग्री पहुंच सकता है।दिल्ली में 14 साल बाद न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे गया है। दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश,




बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा में भी ठंड ने जोर पकड़ा है। यहां भी न्यूनतम तापमान लगातार घट रहा है।उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सूरज की गर्मी भी दिनभर चल रही ठंडी हवाओं से नाकाफी साबित हो रही है। यहां बारिश की भी संभावना है।

न्यूनतम तापमान 4 डिग्री या उससे नीचे जाने पर आईएमडी शीतलहर की घोषणा करता है। दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में शीतलहर की आशंका बढ़ गई है।

तमिलनाडु में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है।

चेन्नई समेत तिरुवल्लूर, वेल्लोर, कांचीपुरम, चेंगलपट्ट, विल्लुपुरम, कुड्डालोर, मयिलादुथुराई, तंजावुर, रामनाथपुरम और डिंडीगुल में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी की गई है।बंगाल की खाड़ी पर बने छोटे दबाव के कारण तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में बारिश की चेतावनी है। मछुआरों को समुद्र तट से दूर रहने को कहा गया है। पुडुचेरी में ऑरेंज अलर्ट जारी है।

## असम सरकार का ऐलान, एनआरसी के लिए अप्लाई नहीं किया तो नहीं मिलेगा आधार कार्ड

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम की हिमंत बिस्वा सरकार ने एनआरसी को लेकर बड़ा फैसला किया है. मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि एनआरसी के लिए आवेदन करना जरूरी है. वहीं, जिन लोगों ने एनआरसी के लिए अप्लाई नहीं किया है, उन्हें आधार कार्ड भी नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह फैसला कैबिनेट की मीटिंग में किया गया है।



कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने दिसपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएफ, असम पुलिस और त्रिपुरा पुलिस ने कई बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है. बांग्लादेशियों की घुसपैठ हमारे लिए चिंता बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हम इसे मजबूत करना चाहते हैं और बीएसएफ के साथ समन्वय करके और भी कड़े कदम उठाना चाहते हैं। इसी कड़ी के तहत असम कैबिनेट ने आधार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को बहुत सख्त और कठोर बनाने का फैसला किया है.

मीटिंग के बाद हिमंत सरमा ने यह भी बताया कि आधार के लिए अप्लाई करने वालों के वेरिफिकेशन का सारा कामकाज जनरल एनमिनिस्ट्रेशन विभाग देखेगा। इसके साथ-साथ हर जिले में एडिश्नल जिला कमिश्नर इस काम के लिए उत्तरदायी होंगे।

बता दें, असम सरकार ने आधार पंजीकरण के लिए एसओपी निर्धारित किया ह, असम कैबिनेट ने असम में आधार आवेदकों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पोर्टल के तहत एक नई मानक संचालन प्रक्रिया को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामले में 5 राज्यों में छापा मारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को आतंकी संगठनो से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर




बड़े पैमाने पर कार्रवाई की. जांच एजेंसी पहले से दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की.

एनआईए ने जम्मू-कश्मीर, असम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और गुजरात में 19 स्थानों पर संदिग्धों के ठिकानों पर सुबह ही छापेमारी की. प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर यह कार्रवाई की गई. आरोप है कि देश में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और आतंक फैलाने की साजिश में ये लोग शामिल थे.


यह अभियान आतंकवादी दुष्प्रचार के प्रसार और चरमपंथी गतिविधियों का मुकाबला करने के प्रयासों पर केंद्रित बताया गया. यह कदम आतंकवाद निरोधी एजेंसी द्वारा पांच राज्यों में कई स्थानों पर तलाशी लेने और शेख सुल्तान सलाह उद्दीन अयूबी उर्फ अयूबी नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के दो महीने बाद उठाया गया है। असम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर राज्यों में 26 स्थानों पर तलाशी के बाद अयूबी को हिरासत में लिया गया. आरोपी को साजिश मामले में उसकी भूमिका के कारण गिरफ्तार किया गया।

## तलाक के मामलों में कैसे निर्धारित होगा गुजारा भत्ता?, सुप्रीम कोर्ट ने तय किए 8 कारक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बेंगलुरु में इंजीनियर अतुल सुभाष के आत्महत्या करने की घटना ने देश की न्याय व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए।इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के मामलों में गुजारा भत्ता तय करने का 8 कारक निर्धारित किए हैं।बता दें, अतुल ने अपने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी और ससुराल वालों पर उत्पीडन का आरोप लगाया है और देश की न्याय व्यवस्था की भी आलोचना की है।आइए जानते हैं कोर्ट ने कौनसा फामूर्ला निर्धारित किया है।

बिहार निवासी अतुल ने आत्महत्या करने से पहले 80 मिनट का एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उन्होंने अपनी अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया और उसके परिवार पर पैसे ऐंठने के लिए उन पर और उनके परिवार पर 9 मामले दर्ज करने का आरोप लगाया था।उन्होंने बताया था कि ये सभी मामले कोर्ट में हैं और उन्हें लगातार तारीखें दी जा रही है। इन सबसे परेशान होकर उन्होंने अपनी जिंदगी को खत्म करने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीवी वराले की पीठ ने मंगलवार को प्रवीण जैन और अंजू जैन नामक दंपति के तलाक मामले की सुनवाई में फैसला सुनाते हुए गुजारा भत्ता राशि पर निर्णय देते के




लिए 8 कारक निर्धारित किए हैं।पीठ ने देश भर की सभी अदालतों को सलाह दी कि वो अपने इस तरह के आदेश फैसले में उल्लिखित कारकों को आधार बनाए। ऐसे में अब गुजारा भत्ता तय करने में अलादलों को आसानी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने पति-पत्नी की सामाजिक और आर्थिक हैसियत, भविष्य में पत्नी-बच्चों की बुनियादी जरूरतें, दोनों पक्षों की योग्यता और रोजगार, आमदनी के साधन और सम्पदा, पत्नी का ससुराल में रहते हुए रहन-सहन का स्तर, क्या परिवार की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ी है, नौकरी न करने वाली पत्नी के लिए कानूनी लड़ाई की उचित रकम और पति की आर्थिक हैसियत, उसकी कमाई और गुजारे-भत्ते के साथ अन्य जिम्मेदारियों पर ध्यान देते हुए गुजरा भत्ता तयर करने को कहा है।


कोर्ट ने गुजारा भत्ता के लिए कारक निर्धारित करने के साथ कहा, उपरोक्त कारक कोई सीधा-सादा फामूर्ला नहीं बनाते, बल्कि स्थायी गुजारा भत्ता तय करते समय दिशा-निर्देश के रूप में काम करते हैं। गुजारा भत्ता की राशि इस तरह से तय की जानी चाहिए कि पति को दंडित न किया जाए, बल्कि पत्नी के लिए एक सभ्य जीवन स्तर सुनिश्चित हो।कोर्ट ने कहा कि काई भी अदालत दंडित करने के इरादे से गुजरा भत्ता तय नहीं कर सकती। अतुल और निकिता ने मैचमेकिंग वेबसाइट के जरिए 2019 में शादी की थी। 2020 में दोनों के एक बेटे हुआ।अतुल का आरोप है कि निकिता का परिवार अक्सर उससे लाखों रुपये की मांग करता था। पैसे देने से मना करने पर निकिता 2021 में बच्चे के साथ घर छोडकर चली गई।इसके बाद पत्नी और उसके परिजनों ने उसके खिलाफ 9 केस दर्ज करा दिए और मामला रफा-दफा करने के लिए 3 करोड़ रुपये की मांग की थी।

**ऐतिहासिक पहल** — 47.39 करोड़ रुपये से तैयार होगा सर्वोदय बालिका विद्यालय, 490 बेटियों को मिलेगी शिक्षा

## शिक्षा और संस्कारों से मिलती है जीवन में तरक्कीः पूर्व राष्ट्रपति

**लखनऊ (आरएनएस)।** कानपुर देहात जिले के परौंख गांव में बालिका शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल हुई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव में सर्वोदय बालिका विद्यालय का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण भारत में बेटियों के लिए गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा का नया अध्याय शुरू किया।

सर्वोदय विद्यालय बालिका का शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि गांव की बेटियां 5वीं कक्षा के आगे पढ़ने में असहज महसूस करती हैं क्योंकि आगे पढ़ने के लिए उन्हें दूसरे गांव या घर से दूर जाना पड़ता है, सर्वोदय विद्यालय के बन जाने से बेटियां निडर होकर आगे की पढ़ाई कर सकेंगी। संस्कारों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार आपको जमीन से उठाकर आसमान पर ले जा सकते है। मेहनत और ईमानदारी से चलेंगे तो आप जीवन में तरक्की करेंगे। कोविंद ने कहा कि राष्ट्रपति रहते हुए उन्होंने थल सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत से कहा था कि डिफेंस में बेटियों की भागीदारी बढ़नी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए सर्वोदय विद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डिफेंस एंड पुलिस फोर्सेज के रूप में विकसित किया जाएगा। स्कूल से पढ़कर जब गांव की बेटी निकलेगी तो उसमें आत्मविश्वास भरा होगा कि वह किसी से कम नहीं है।



कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्व.प्र.) असीम अरुण ने कहा कि सर्वोदय विद्यालय विकसित भारत के आसमान में बच्चियों को उड़ान भरने के लिए हवाई पट्टी का काम करेगा। यहां सिर्फ एक विद्यालय का शिलान्यास नहीं बल्कि विकसित भारत की नींव रखी जा रही है। विद्यालय के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि परौंख में बनने वाला सर्वोदय बालिका विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र होगा, बल्कि यह बेटियों को डिफेंस और पुलिस फोर्स में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। इसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डिफेंस एंड पुलिस फोर्सेज के रूप में विकसित किया जाएगा।ह्न उन्होंने कहा कि जिन बच्चियों को सेना से इतर किसी अन्य क्षेत्र में जाने का मन होगा उनके लिए कौशल विकास के प्रशिक्षण की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चियों को तैयार करेगी। एनसीसी का प्रशिक्षण भी बच्चियों को विद्यालय में मिलेगा। यह विद्यालय दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा और वर्ष 2027 में बच्चियों के लिए पहले सत्र की शुरूआत होगी। धन्यवाद ज्ञापन समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड ने किया।

### ग्रामीण बालिकाओं के लिए उम्मीद की किरण

यह विद्यालय बालिकाओं को कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करेगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय, स्मार्ट क्लास, ई-लैब, टैब-लैब, और लाइब्रेरी जैसी तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग भी दी जाएगी। छात्राओं को एनसीसी के माध्यम से डिफेंस और पुलिस फोर्स में जाने का प्रशिक्षण मिलेगा।

### शिक्षा का तकनीक और परंपरा से जुड़ाव

सर्वोदय बालिका विद्यालय शिक्षा की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक तकनीकी शिक्षा का अनूठा संगम होगा। विद्यालय में ैज्म्ड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और कंप्यूटेशनल थिंकिंग जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा 75 जनपदों में मॉडल सर्वोदय विद्यालय विकसित करने का प्रयास चल रहा है।

## लॉ कॉलेज चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा, विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई इसमें एलएलबी और बीएएलएलबी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता मेंबीएएलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक कुमार और बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा डेल्सी भारद्वाज ने पहला स्थान प्राप्त किया।एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अंकुश और बीएएलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र प्रतिभा सिंह ने दूसरा और बीएएलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अमन और बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा गुंजन चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह एलएलबी तृतीय सेमेस्टर से निकिता भास्कर और. बीएएलएलबी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दीक्षा को सातवना पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक में सचिन विभिन्न बंसल ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमोद कुमार, उत्तम वीर सिंह, श्वेता सिंह, डॉ अरविंद कुमार, सुहेल आलम, लक्ष्मी, निखिल जैन, प्रतीक नागर, अतर सिंह, लव कुश, और श्याम समेत कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्यालय में गंदगी देख भड़के एसडीएम, शिक्षक मिले अनुपस्थित,कार्यवाही के निर्देश, स्कूल में साफ सफाई की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सुरजावली के प्राथमिक विद्यालय का गुरुवार को एसडीएम दीपक कुमार पाल ने औचक निरीक्षण किया। जहां विद्यालय में पसरी गंदगी को देखकर भड़क गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक को साफ सफाई कराने सहित छात्र छात्राओं को मिड डे मील के तहत खाना देने के निर्देश दिए।

शिकारपुर के गांव सूरजवाली में प्राथमिक विद्यालय स्थित है। गुरुवार की सुबह एसडीएम दीपक कुमार पाल ने प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण





में विद्यालय के शौचालय सहित विद्यालय प्रांगण में गंदगी मिली है। विद्यालय के शौचालय में गंदगी को देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई है। उसी दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कम दूध देने का आरोप लगाया है।जहां प्रधानाध्यापक को निर्देश देते हुए कहा ग्राम प्रधान के सहयोग से विद्यालय के शौचालय सहित विद्यालय के प्रांगण की साफ सफाई कराई जाए। मिड डे मिल छात्र छात्राओं को मेन्यू के अनुरूप दिया जाए। विद्यालय से बिना अनुमति के अनुपस्थित मिले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने से आईटीबीपी के जवान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

बुलद संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हार्टअटैक से औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गाँव बहादुरपुर पसौली निवासी आईटीबीपी में तैनात जवान बृजपाल सिंह की मृत्यु हो गई। जवान का पार्थिव शरीर बुधवार को घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। उपस्थित ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। पार्थिव शरीर के साथ आये आइटीबीपी के जवानो ने तिरंगे से ढके जवान के पार्थिव शव पर पुष्प अर्पित कर सलामी देकर अंतिम विदाई दी।

बता दें की औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गाँव बहादुरपुर पसौली निवासी 45 वर्षीय बृजपाल सिंह पुत्र सतवीर सिंह जम्मू कश्मीर में 15 बटालियन आईटीबीपी में हवलदार के पद पर तैनात थे। बीते मंगलवार को अचानक हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई थी। बुधवार की दोपहर



फाइल फोटो
मृतक जवान बृजपाल सिंह

जैसे ही शहीद की पार्थिव देह उनके घर पहुंची तो परिजनों सहित पत्नी रचना देवी और बेटी प्रियांशी बेसुध हो गई। हर किसी की आंखें नम थीं और माहौल शोक में डूबा हुआ था। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था, जबकि बेटी प्रियांशी अपने पिता को पुकारते हुए बिलखती रही। पूरा गांव गमगीन होकर शहीद के परिवार के साथ इस दुख में शामिल हुआ। जवान के पुत्र दीपंशु ने अपने पिता की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। मृतक जवान के एक बड़े भाई शिवकुमार भी आइटीबीपी में हवलदार के पद पर दिल्ली में तैनात हैं। तथा उनके एक छोटे भाई जगपाल सिंह गांव में रहकर कृषि का कार्य करते हैं। मृतक जवान बृजपाल सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। दोनों भाइयों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। जवान के मौत की खबर लगते ही शोक संवेदना देने वालों का तांता लगा रहा।

## लॉरेन्स एकेडमी के सीनियर छात्रों ने वालीवॉल में नेशनल स्पोर्ट में सिल्वर पदक जीकर किया स्कूल का नाम रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** लॉरेन्स एकेडमी के प्रांगण में प्रधानाचार्या सतपाल कौर, उप-प्रधानाचार्या शिवांगी अहलावत ने छात्रों को सिल्वर पदक व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। यह नेशनल स्पोर्ट फेडरेशन ऑफ इण्डिया की तरफ से 30 नवंबर को मथुरा में राष्ट्रीय स्तरीय चैपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें लॉरेन्स अकादमी के केतन रावत, विवान यादव, दक्ष कुमार, कार्तिक यादव, प्रियाँशू यादव, आर्यन यादव, उत्कर्ष कैप्टन विकर्ण यादव तथा कोच लोकेन्द्र सिंह ने भाग लिया। इन छात्रों ने वालीवॉल में द्वितीय स्थन प्राप्त करके सिल्वर पदक जीतकर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन



किया। विजयी छात्रों को प्रबन्धक श सहीमुद्दीन मेवाती, निर्देशक शोएव मेवाती, प्रधानाचार्या, उप प्रधानाचार्या एवं सभी शिक्षकगण ने हर्ष व्यक्त करके हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह भविष्य में उन्नति करने का आशीर्वाद दिया।

## साबितगढ़ शुगर मिल ने भेजा लगातार गन्ने का पांचवां भुगतान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** त्रिवेणी शुगर मिल साबितगढ़ द्वारा गन्ना खरीद के भुगतान में निरंतरता बरकरार रखते हुए गन्ना खरीद का भुगतान दिनाँक 27/11/2024 से 03/12/2024 तक का जो कि 22 करोड़ 39 लाख 78 हजार है को सम्भन्धित गन्ना समितियों के माध्यम से गन्ना किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है ।लगातार गन्ने का भुगतान मिलने से सभी सम्भन्धित किसान बहुत खुश हैं क्योंकि जव से यह 2024-25 पेराई सत्र शुरू हुआ तब से लगातार मिल द्वारा गन्ने का भुगतान किया जा रहा है ।इससे पूर्व का समस्त भुगतान पहले ही समय से किया जा चुका है । मिल के इकाई प्रमुख व ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खण्डेलवाल ने बताया कि भुगतान में हमारी प्राथमिकता युहीं ही निरंतर जारी रहेगी ।

## अधिवक्ता को पानी की पाइप लाइन को सही करना पड़ा भारी, दबंग व्यक्ति ने अधिवक्ता के साथ बदतमीजी करते हुए जान से मारने की दी धमकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के मोहल्ला कोट कला निवासी उदयवीर सिंह पुत्र नत्थी सिंह बुलंदशहर कचहरी में अधिवक्ता है। अधिवक्ता उदयवीर सिंह आज सुबह मोहल्ला कोट कला में सरकारी कुएं के पास पानी की पाइपलाइन टूट जाने की वजह से पानी भरा हुआ था जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना कर रहा पड़ रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर अधिवक्ता उदयवीर सिंह वहां गए और नगर पालिका कर्मचारियों को बुलाकर पाइप लाइन को सही कराया। इस दौरान मोहल्ले का शाहिद पुत्र सत्तार नाम का एक व्यक्ति आकर अधिवक्ता उदयवीर सिंह के साथ बदतमीजी में गाली गलौज करने लगा। जब अधिवक्ता उदयवीर सिंह ने इसका विरोध किया तो वह अधिवक्ता उदयवीर सिंह को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग खड़ा हुआ। पीड़ित अधिवक्ता और उदयवीर सिंह ने शिकारपुर कोतवाली में शिकायतें प्रार्थना पत्र देकर दबंग व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर शिकारपुर कोतवाली प्रभारी प्रखर पांडे ने पीड़ित अधिवक्ता को हर संभव कार्यवाही करने का शासन दिया है।

## 3 वर्ष पूर्व विद्यालय छोड़ चुके विद्यार्थी अपनी सिक्योरिटी राशि प्राप्त करने के लिए विद्यालय से फार्म प्राप्त कर कार्यालय में जमा करें : प्राचार्य योगेश कुमार त्यागी

**गुलांवठी (सैय्यद मजहर)।** देवनागरी महाविद्यालय के जो विद्यार्थी अपनी अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय छोड़ चुके हैं तथा उन्हें महाविद्यालय छोड़े हुए तीन वर्ष से अधिक का समय व्यतीत नहीं हुआ है। वे प्रवेश के समय जमा की गई सिक्योरिटी राशि को प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर, पूर्णकर दिनांक 24 जनवरी, 2025 तक कार्यालय में जमा करा दें। बीए तथा बीएससी की प्रतिभूति राशि तीन सौ रुपए तथा एम ए की प्रतिभूति राशि आठ सौ रुपए है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने बताया कि उक्त अवधि के भीतर आवेदन नहीं करने पर उनके दावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र द्वारा कृषि विद्यालय का निरीक्षण करते हुए किसानों को कृषि के बारे में दी जा रही ट्रेनिंग सेंटर का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)** प्रमुख सचिव कृषि द्वारा इस निरीक्षण के दौरान किसानों के ट्रेनिंग हेतु की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निर्देशित किया गया कि ट्रेनिंग सेंटर पर किसानों को प्रशिक्षण दिलाए जाने हेतु उनके रहने, खाने आदि के लिए



सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए किसानों से भी संवाद करते हुए कृषकों के लिए विभाग की ओर से अन्य किस पर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके उसके बारे में भी सुझाव लिए गए। कृषि विद्यालय द्वारा की जा रही खेती के लिए भी फार्म का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बुवाई की गई गेहूं की फसल के बारे में जानकारी हासिल की। निर्देशित किया गया कि किसानों को भी विजिट कराते फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए कितनी मात्रा में बीज, खाद, पानी फसल में दिया जाना है उसके बारे में जानकारी दी जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिता विजेता उ0नि0 धर्मेन्द्र मलिक को प्रदत्त गोल्ड मेडल, ब्रोंज मेडल पहनाकर एवं खेल प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** 41वीं अंतर जनपदीय मेरठ जोन वार्षिक खेल प्रतियोगिता-2024 दिनांक 24.10.2024 से 25.10.2024 तक जनपद हापुड में आयोजित हुई थी जिसमें प्रदेश के समस्त जनपदों से पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । जनपद बुलन्दशहर से उ0नि0 धर्मेन्द्र मलिक द्वारा टेबल टेनिस में प्रतिभाग किया गया तथा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर जनपदीय पुलिस को गौरवान्वित किया है।



इसके उपरान्त 41वीं इंटर जोन (उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता)-2024 दिनांक 14.11.2024 से 17.11.2024 तक जनपद मुरादाबाद में आयोजित हुई थी जिसमें प्रदेश के समस्त जनपदों से चयनित पुलिसकर्मियों की प्रत्येक जोन स्तर पर एक टीम बनाकर प्रतिभाग किया गया था। मेरठ जोन की टीम में जनपद बुलंदशहर से उ0नि0 धर्मेन्द्र मलिक सम्मिलित हुए थे। उ0नि0 द्वारा टेबल टेनिस टीम चैमपियनशिप (फाइनल) मैच में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीतकर जनपदीय पुलिस को गौरवान्वित किया है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्लोक कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में उ0नि0 धर्मेन्द्र मलिक की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए उनको प्रदत्त गोल्ड मेडल, ब्रोंज मेडल पहनाकर एवं खेल प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शिवसेना जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा किये गये नजरबंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** दिल्ली बांग्लादेश दूतावास पर शिवसेना द्वारा एक धरना प्रदर्शन किए जाने पर सर्वेश राणा जिला अध्यक्ष को उन्हीं के घर में नजर बंद किया पूर्ण घोषित कार्यक्रम के अनुसार बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं की बहन बेटियों के साथ अत्याचार



हिंदुओं हत्या के विरोध में एक कार्यक्रम दिल्ली रखा गया था जिसमें माननीय संजय राऊत राज्य सभा सांसद जी वह ठाकुर अनिल सिंह राज्य प्रमुख उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में कार्यक्रम रखा गया था इसीलिए सर्वेश राणा अपनी टीम के साथ दिल्ली जा रहे थे और पुलिस में नजर बंद कर दिया, इस अवसर पर सुधीर सैनी युवा जिला अध्यक्ष दानवीर प्रधान बुलंदशहर प्रभारी सहित लोग मौजूद रहे।

## सीबीआई एंटी करप्शन टीम ने बैंक मैनेजर को रिश्वत लेते किया रंगे हाथ गिरफ्तार, पूछताछ के लिए ले गई गाजियाबाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** शिकारपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक अंकित मलिक पुत्र ओमपाल मलिक को सीबीआई एंटी करप्शन टीम गाजियाबाद ने रिश्वत लेते

**10 घंटे चले सर्च ऑपरेशन में शाखा प्रबंधक के घर मिला अवैध पिस्टल इस संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ**

रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सीबीआई टीम ने बैंक मैनेजर को रिश्वत लेने के जुर्म में किया गिरफ्तार, बैंक प्रबंधक को अपने साथ पूछताछ के लिए गाजियाबाद ले गई है। शाखा प्रबंधक अंकित मालिक से पूछताछ के बाद सीबीआई ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। शाखा प्रबंधक ने व्यापारी से लॉन की एवज में मांगी थी एक लाख रुपये की रिश्वत। सीबीआई के 10 घंटा चले सर्च ऑपरेशन में शाखा प्रबंधक के घर मिला अवैध पिस्टल इस संबंध में बृहस्पतिवार सुबह मुकदमा दर्ज हुआ। शिकारपुर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक अंकित मालिक को सीबीआई टीम गिरफ्तार कर अपने साथ पूछताछ के लिए गाजियाबाद ले गई है। प्रशिक्षु सीओ प्रखर पांडे ने बताया कि सीबीआई की टीम ने बैंक प्रबंधक के घर से अवैध पिस्तौल भी




बरामद की है। बैंक प्रबंधक के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम और आर्म्स एक्ट तहत मामला दर्ज किया जाएगा। उधर व्यापारी का कहना है कि उसे लिमिट मिले या ना मिले लेकिन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी होनी चाहिए।

गौरतलब है कि नगर के एक व्यापारी ने बैंक में लोन के लिए आवेदन किया था। लोन की एवज में शाखा प्रबंधक द्वारा एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी। व्यापारी ने मामले की सूचना सीबीआई को दे दी । बुधवार को शाखा प्रबंधक अंकित मलिक ने एक लाख रुपए रिश्वत ली, तो एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। 10 घंटे तक सीबीआई ने बैंक के दस्तावेज खगालती रही । इस दौरान बैंक मैनेजर समेत अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई। बैंक के बाहर स्थानीय पुलिस तैनात रही।

**सीबीआई एंटी करप्शन की टीम ने बैंक प्रबंधक के घर से अवैध पिस्तौल भी की बरामद**

कोतवाली प्रभारी/प्रशिक्षु को प्रखर पांडेय ने बताया कि सीबीआई एंटी करप्शन की टीम ने बैंक प्रबंधक के घर से अवैध पिस्तौल भी बरामद की है। बैंक मैनेजर के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम और आर्म्स एक्ट तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

मीटिंग

## आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव मे बनेगी सपा सरकार: इनामुल हक प्रदेश सचिव

## समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा का ताहिर अली सैफी के कार्यालय पर किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना (वसीम खाँन)।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी के निर्देशन पर जनपद बुलंदशहर के स्याना मे जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा ताहिर अली सैफी के केम्प कार्यालय पर मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ताहिर अली सैफी ने की और मंच संचालन जिला महासचिव अल्पसंख्यक सभा हाजी खालिद सिद्दीकी,ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा इनामुल हक साहब रहे। प्रदेश सचिव इनामुल हक साहब का सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने फूल मलाओ से जोरदार स्वागत किया। सभी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारीयों ने पार्टी को मजबूत करने के सुझाव दिए। जिलाध्यक्ष ताहिर अली सैफी ने संगठन का विस्तार किया और दर्जनों पदाधिकारियो को नियक्ति पत्र देकर जिम्मेदारीया सोंपी। आगामी 2027 के चुनाव के लिए अभी से काम करने पर जोर दिया। 2027 मे समाजवादी पार्टी ढ़ऊअ को साथ लेकर आदरणीय श्री अखलेश यादव जी को मुख्य्मंत्री बनाने का संकल्प लिया। जिला बुलंदशहर अल्पसंख्यक सभा की टीम की कार्यशैली को देखते हुए, प्रदेश अध्यक्ष शकील




नदवी लखनऊ से प्रदेश सचिव इनामुलहक जी ने जिलाध्यक्ष ताहिर अली सैफी व जिला महासचिव हाजी खालिद सिद्दीकी को मोमेंट देकर सम्मानित किया। इनामुल हक ने मीटिंग को सम्बोधित करते हुए बताया की भाजपा की बांटो और राजनीति करो वाली राजनीति को समझ चुकी है अब जनता इनके बहकावे मे आने वाली नहीं है। आगामी 2027 के चुनाव मे समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। वसीम राणा उपाध्यक्ष महानगर अलीगढ़ ने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 2027 के चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले समाजवादी पार्टी के रास्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के हाथो को मजबूत करें। अन्य वक्ताओं में इब्राहिम सिद्दीकी, सब्बू चौधरी वरिष्ठ नेता, शफीक चौधरी, फिरोज सैफी, शादाब नंबरदार, रिजवान चौधरी, वसीम खाँन जिला मीडिया प्रभारी, मीटिंग कों संबोधित किया। शेख फिरोज,उमर सैफी,मौ, आसिम मीटिंग मे अबरार अहमद, शमां बाजी, इस्लाम मेवाती, बन्ने अल्वी, वसीम सैफी बालका, हाजी इरफान गाजी, सरफुद्दीन खां, वसीम सैफी, चौधरी मारूफ, फरमान सलमानी, रिफाकत खान, हाजी तनवीर, नदीम गाजी, वसीम अंसारी, आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, 8700 रुपये जुर्माना वसूला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** वीरवार को प्रशिक्षु.सीओ/शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शिकारपुर नीतू सिंह के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन व पालिका कर्मचारिगणों के साथ खुर्जा बस स्टैंड से मैन बाजार होते हुए पहासू अड्डे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें पालिका की आराजी पर अवैध रूप से टिन शेड डालकर, सीढ़ी बनाकर, तखत डालकर व स्लैव डालकर किये गए स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को पालिका की जेसीबी व कर्मचारियों द्वारा हटाया गया तथा अतिक्रमण करने वालों से 8700 रु जुर्माना भी वसूल किया गया। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा बताया गया की अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर पूरे नगर में चलता रहेगा तथा लोगों को भविष्य में इस प्रकार दोबारा अतिक्रमण न करने व अपने प्रतिष्ठानों के आस-पास साफ-सफाई रखने की चेतावनी भी दी गई।

# इंडिया इस्लामिक सेंटर में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली**। अखिल भारतीय मानवाधिकार, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय परिषद द्वारा नई दिल्ली स्थित इंडिया इस्लामिक सेंटर में मानवाधिकार दिवस के

### राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अमीर मजहर जैदी को किया गया सम्मानित

अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। मानवाधिकार दिवस के इस अवसर पर इस आयोजन ने एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया, जहां मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय की दिशा में विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने अपने



विचार साझा किए और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर एंथनी राजू के साथ लोगों ने एकजुट होकर मानवाधिकारों के महत्व पर जोर दिया और समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अमीर मजहर जैदी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल मानवाधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह सभी को एक साथ लाने और एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का भी सफल माध्यम है।

# बीईओ व प्रधानाध्यापक की हुई मासिक बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)**। तहसील सभागार मे बीईओ व प्रधानाध्यापक की एक मासिक बैठक आयोजित की गई। नोडल शिक्षक संकुल हरेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक मे खंड शिक्षा अधिकारी मौहम्मद राशिद ने 12 व 13 दिसंबर को होने वाली नेट परीक्षा में शत प्रतिशत छात्र उपस्थिति व डाइट प्रशिक्षुओं द्वारा होने वाले निपुण आकलन पर विस्तृत चर्चा की गई और बीईओ द्वारा चलाए गए शिक्षा की उड़ान नवाचार के अंतर्गत प्रधानाध्यापकों से सर्वाधिक उपस्थिति रखने वाले छात्र छात्राओं की माताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित करने के लिए कहा गया। साथ ही प्रत्येक विद्यालय में बालमित्र कक्षा-कक्ष विकसित करने पर जोर दिया गया। वहीं एआरपी रति, सारिका, अर्चना व महेश ने निपुण लक्ष्य एप में हुए संशोधन के बारे में विस्तार से बताया गया।



# भाकियू लोकशक्ति ने प्रशासन पर लगाया किसानों के साथ तानाशाही का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)**। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने आंदोलनकारी चार किसानों की गिरफ्तारी पर आक्रोश व्यक्त किया है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यौराज सिंह ने कहा कि प्रशासन को किसानों की जायज मांगों को पूरा करना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत दबाब बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होने कहा कि किसानों के हितो के साथ खिलवाड करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। न्यायालय के आदेश के बावजूद भी प्राधिकरण ने किसानों का 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा व 10 प्रतिशत विकसित भूखंड वर्षों बाद भी नहीं दिया गया है, वर्षों बाद भी कृषि भूमि के सर्किल रेट नहीं बढाये गये और नये कृषि कानूनों का लाभ भी किसानों को नहीं दिया जा रहा है। यमुना प्राधिकरण ने क्षेत्र को महानगर तो घोषित कर दिया लेकिन कोई भी सुविधा जैसे रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा व परिवहन आदि उपलब्ध नहीं कराई गई जिसकी वजह से आज भी क्षेत्र के लोग ग्रामीण जीवन जी रहे हैं। उन्होने लापरवाही बरतने वाले सभी अधिकारियों की जांच करा किसानों की जायज मांगों को पूरा करने की मांग की है।



# शारदा अस्पताल के डॉक्टर को नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम ने राष्ट्रपति प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा अस्पताल के शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार थापर को नवजात शिशुओं के बेहतर परिणामों के लिए उनके अग्रणी कार्य

### नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम द्वारा नवजात शिशु के स्वास्थ्य के लिए अनुकरणीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति प्रशंसा पुरस्कार

के लिए नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम द्वारा नवजात शिशु के स्वास्थ्य के लिए अनुकरणीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम तमिलनाडु में हुआ। इस दौरान देशभर के करीब 700 डॉक्टर ने हिस्सा लिया। शारदा अस्पताल के डॉ राजीव कुमार थापर ने बताया कि एनएनएफ नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम, नोनटोलॉजिस्ट और संबंधित पेशेवरों का शीर्ष निकाय है और यह वकालत, नीति निर्माण, अनुसंधान और नवजात स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए सक्रिय रूप से शामिल है। भारत में नवजात देखभाल और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध अग्रणी बाल रोग विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य देश भर में नवजात विज्ञान और प्रसवकालीन चिकित्सा में वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे में ज्ञान का प्रसार करना और उसे प्रोत्साहित करना है। विभिन्न स्तरों पर नवजात शिशु देखभाल के लिए सिफारिशें तैयार करना, नवजात शिशु देखभाल से संबंधित अन्य पेशेवरों के साथ संपर्क स्थापित करना व चिकित्सा एवं नर्सिंग शिक्षण के लिए पाठ्यक्रम का नवजात घटक विकसित करना। शारदा ग्रुप के चेयरमैन पीके गुप्ता ने कहा कि यह पुरस्कार भारत में नियोनेटोलॉजी में आपके उल्लेखनीय योगदान का प्रमाण है। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है और आप विश्वविद्यालय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा हैं। हम शारदा विश्वविद्यालय में आपसे और भी अधिक योगदान की आशा करते हैं।



## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

# राजपूत करणी सेना का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। राजपूत करणी सेना का प्रतिनिधि मंडल नोएडा पुलिस कमिश्नर से मिला, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन ग्रेटर नोएडाःगुरुवार को श्री राजपूत करणी सेना (कालवी) का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष धीरज सिंह के नेतृत्व में नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से मिला। संगठन के जिला अध्यक्ष अमरीश चौहान सहित अन्य पदाधिकारियों ने नोएडा पुलिस आयुक्त को बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ विशेषकर महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म और बर्बरतापूर्ण अत्याचार के खिलाफ देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें भारत सरकार से संयुक्त राष्ट्र संघ से विचार विमर्श कर उचित कार्यवाही करने की माँग रखी।जिलाध्यक्ष अमरीश चौहान ने बताया कि जिस तरह से अल्पसंख्यक समुदाय की बहन बेटियों के साथ जबरन धर्मांतरण व दुष्कर्म की घटना को अंजाम देते हुए नरसंहार किया जा रहा है वह सहनीय नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह ने पुलिस आयुक्त को बांग्लादेश हिंसा के साथ गौतम बुद्ध नगर की पुलिस प्रशासन से संबंधित समस्याओं से भी अवगत कराया जिसपर कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने समस्याओं को जल्द समाधान करने का आश्वाशन दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राम अवतार सोलंकी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दलवीर सिसोदिया, ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष मंगल राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप सिंह राठौर सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



**सम्मान** सैनी इंडिया ने बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में अपने स्टॉल का उद्घाटन

# सैनी इंडिया ने बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में 'चैरियट ऑफ डेवलपमेंट' थीम के साथ उन्नत उपकरणों से विकास की नई दिशा दिखाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। सैनी इंडिया ने बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में अपने स्टॉल का उद्घाटन करते हुए 'चैरियट ऑफ डेवलपमेंट' थीम के तहत अपने योगदान को प्रस्तुत किया। इस थीम के माध्यम से सैनी इंडिया ने 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के लक्ष्य में अपनी भूमिका और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने योगदान पर जोर दिया है।



सैनी इंडिया के कंस्ट्रक्शन उपकरण प्रोडक्ट्स का यह प्रदर्शन, परियोजनाओं को समय पर और कुशलतापूर्वक पूरा करने में उनकी उपयोगिता को दिखाता है। यह बुनियादी ढांचे के विकास और इसे संभव बनाने वाले इंजीनियरों, ऑपरेटरों और तकनीशियनों के योगदान का भी उत्सव है। सैनी इंडिया की उन्नत मशीनरी ने न केवल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में मदद की है, बल्कि राष्ट्र निर्माण और एक टिकाऊ भविष्य के लिए मजबूत समर्थन भी दिया है। कंपनी का यह कदम विकास और नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और अधिक प्रबल करता है। इस अवसर पर संजय सक्सेना, सीओओ (सेल्स, मार्केटिंग और कस्टमर सपोर्ट), सानी हेवी इंडस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, "हमारे थीम 'चैरियट ऑफ डेवलपमेंट' का उद्देश्य यह दिखाना है कि आधुनिक कंस्ट्रक्शन उपकरण कैसे भारत को विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में मदद कर सकते हैं। सैनी इंडिया उन्नत तकनीकों, ईंधन-कुशल मशीनों और पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक उपकरणों के साथ बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारा फोकस है परिचालन को बेहतर बनाना और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना। बाउमा कॉनएक्सपो 2024 हमारे अत्याधुनिक उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक शानदार मौका है, और हम इसे 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में अपने योगदान के रूप में देख रहे हैं।" बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में, सैनी इंडिया कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर की नई जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए उन्नत उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला का अनावरण कर रहा है। इनमें इंटेलिजेंट सिस्टम और हाइब्रिड पावर मोड से लैस क्रेन, मल्टीफंक्शन पाइलिंग रिग, और ऑपरेटर की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई खुदाई करने वाली मशीनें शामिल हैं। इसके अलावा, सैनी इंडिया उन एरियल वर्क प्लेटफॉर्म्स का भी प्रदर्शन कर रहा है, जो अनूठी सुरक्षा सुविधाओं और डिजिटल प्रबंधन प्रणालियों से लैस हैं। ये उत्पाद कंपनी की तकनीकी उत्कृष्टता और परिचालन दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में भाग लेकर, सैनी इंडिया भारत के बुनियादी ढांचे में सुधार और विकास लक्ष्यों को हासिल करने में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है। टिकाऊ विकास को बढ़ावा देकर और अत्याधुनिक समाधान उपलब्ध कराकर, सैनी इंडिया देश की प्रगति में अहम योगदान दे रहा है। बौमा इंडिया 2024 के लिए सैनी इंडिया की थीमः 'चैरियट ऑफ डेवलपमेंट''चैरियट ऑफ डेवलपमेंट' परंपरा और आधुनिकता का प्रतीक हैं।




# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा 'ब्लड डोनेशन कैम्प का सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रोटरी क्लब ऑफ स्मार्ट सिटी द्वारा आज 'ब्लड डोनेशन कैम्प अइएरक्ळ कॉलेज, एन०एच०-09, विजय नगर, गाजियबाद में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रो० प्रशान्त राज शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2024-25 रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012, एवं विशिष्ट अतिथि डी.डी.जेड रॉ० अतुल अग्रवाल एवं असिस्टेन्ट गवर्नर रो० जय कुमार अग्रवाल जी ने क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। स्वस्थ व्यक्तियों द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंद लोगों के लिए किया जाता है।







रक्तदान द्वारा किसी को नवजीवन देकर जो आत्मिक सन्तोष मिलता है उसको शब्दों में व्यक्त नही किया जा सकता है।रोटरी नोएडा ब्लड सेन्टर के सहयोग से इस 'ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 यूनिट ब्लड कलेक्शन किया गया ।रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सदस्यों, अइएरक्ळ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने ब्लड डोनशन में हिस्सा लेकर इस कैम्प को सफल बनाया। क्लब सदस्यों शालिनी गोयल, रीनम अग्रवाल, योगश कुमार गोयल, डा० राकेश छारिया, राकेश गुप्ता, ब्रिजेश माथुर, डा० अरूणा सिंघल, सारंग अग्रवाल, रीना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अनीश गुप्ता, वैभव गुप्ता, प्रवीन गोयल, पूनम गर्ग, सीमा गोयल मीनू गुप्ता अल्का गोयल इत्यादि सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्साहपूर्वक पूरा-पूरा योगदान दिया । क्लब के अध्यक्ष रो० दीपक कुमार अग्रवाल एवं सचिव रो० भारती गर्ग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोजेक्ट चेयर रो० आशीष गर्ग, कैम्प के व्यवस्थापक एवं होस्ट रो० आशु गोयल, क्लब के सभी सदस्यों एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया । दीपक कुमार अग्रवाल क्लब अध्यक्ष।

# धनपुरा बिजलीघर में ट्रांसफार्मरों की मरम्मत को लेकर शुक्रवार को 4 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**आज सुबह 11:00 से शाम 3:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली क्षेत्र के धनपुरा बिजलीघर



में ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करने को लेकर शुक्रवार को 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

सिंभावली उपखंड अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया की शुक्रवार को ट्रांसफार्मरों की मरम्मत को लेकर सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक बाधित रहेगी।धनपुरा बिजली घर से 12 गांव जुड़े हुए हैं।वही शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति पूरी की जाएगी।

जिसको लेकर उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों के विषय में विद्युत विभाग ने खेद व्यक्त किया है।

# गांव उमरारा में प्रतिस्पर्धा में हाथ का पंजा कंप्टीशन का किया आयोजन, नौजवान युवाओं ने कंप्टीशन में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** तहसील क्षेत्र के




गांव उमरारा में हाथ का पंजा कंप्टीशन प्रतिस्पर्धा में युवाओं ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि विपुल कौशिक (दानगढ़) क .उ प्रदेश महासचिव सिविक एंड सोशल आउटरीच कांग्रेस का कंप्टीशन आयोजन कर्ता छोटू उस्ताद ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विपुल कौशिक ने फीता काट कर व अध्यक्षता ठाकुर राम बहोरी सिंह ने की। एक दूसरे से हाथ का पंजा मिलाकर हाथ के पंजे को झुकाकर जीतने वाले नौजवान युवाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विपुल कौशिक ने कहा कि युवाओं को खेलो में रुचि रखते हुए कबड्डी, कुश्ती दंगल एवं क्रिकेट में भाग लेना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ रहता है और भविष्य में कामयाबी मिलने पर देशभर में नाम रोशन होता है हार जीत होती रहती है हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि आगे गर्मजोशी से बढ़कर बुलंदियों तक पहुंचने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। इस मौके पर महाकाल ग्रुप उमरारा की कमैटी के पदाधिकारी व नरेश चन्द्र,कलियान सिंह, बाबूराम मथुरिया, सुरेश चन्द्र ,लक्की सोनी,चेतन शर्मा, सूर्य प्रताप सिंह (दानगढ़),कल्यान सिंह (दानगढ़),मौनू राघव, सुनील राजपूत बाधौर, एवं आस पास के गांवों के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में निपुण एसेसमेंट परीक्षा (एनएटी) शांतिपूर्ण सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद में कक्षा–1 से कक्षा–3 के बच्चों की निपुण एसेसमेंट परीक्षा (एनएटी) शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। यह परीक्षा जनपद के 389 परिषदय विद्यालय में आयोजित की गयी। इस परीक्षा में बच्चों के हिन्दी एवं गणित के ज्ञान को परखा गया। परीक्षा में नामांकित 28,209 में से 26,198 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सर्वाधिक उपस्थिति ब्लॉक रजापुर (97.5प्रतिशत) तथा सबसे कम नगर क्षेत्र (89 प्रतिशत) रही। परीक्षा के शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण कराने




कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड हेतु तीन सदस्यीय उड़न दस्ते बनाये गये थे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा 224 विद्यालयों के निरीक्षण हेतु 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों की व्यवस्था लगाई गयी थी। परीक्षा में ओएमआर शीट पर बच्चों द्वारा दिये गये उत्तर भरे गये तथा परख एप के द्वारा स्कैन करके राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित किया गया। तकनीकी समस्याओं व अन्य समस्याओं के निवारण हेतु जनपद स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाये गये। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक तथा समस्त एसआरपी, एआरपी परीक्षा के दौरान विद्यालयों के भ्रमण पर रहे।

# गौविन्दपुरम पुलिस लाईन्स कार्याल्य ग्रींन बैल्ट मे अवैध कब्जा करके मस्जीद के अवैध निर्माण के विरुध शिकायत दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** गौविन्दपुरम पुलिस लाईन्स कार्याल्य ग्रींन बैल्ट मे अवैध कब्जा करके मस्जीद के अवैध निर्माण के विरुध शिकायत दी।




12 दिसम्बर 2024 दोपहर 12 बजे अंतार्राष्ट्रीय सूर्यवंशी अखाडा परिषद के अंतार्राष्ट्रीय सचिव डाक्टर आशु मोंगिया द्वारा गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा से पुलिस लाईन कार्याल्य मे मिलकर वैशाली सैक्टर 4-5 के बीच सुपरटैक हाऊसिंग सोसाईटी के सामने ग्रींन बैल्ट मे अवैध कब्जा करके मस्जीद के अवैध निर्माण के विरुध शिकायत दी तथा कमिश्नर साहब से राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) की गाईडलाईन्स व ज्जमेंट के उल्लंघन पर डिटेल मे चर्चा की, आशु मोंगिया ने बताया इसमे जिम्मेदारी बीट कान्सटेबल, डिविजन ऑफिर्स, एसएचओ की बनती है बिना उनकी नालेज के राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) के विरुध ग्रींन बैल्ट पर अवैध कब्जा करके अवैध निर्माण नही हो सकता इसलिये पहली जिम्मेदारी इन ऑफिर्स की बनती है उन्हे कार्यवाही करते हुवे दोषियो को रोकना चाहिये था आपने उच्च अधिकारियो को सूचित करके जीडीए को रिपोर्ट फाईल करनी चाहिये थी ताकी बुल्बोजर की कार्यवाही होती, कमिश्नर साहब ने शिकायत पर 20 तारिख तक कार्यवाही करने का वादा किया है ! आज आशु मोंगिया के साथ महामण्डलेश्वर डा. संजीव महाराज प्रवक्ता अंतार्राष्ट्रीय सूर्यवंशी अखाडा परिषद, पुनीत सिंघल संयोजक आईटी सैल वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन-भारत, शौर्या अग्रवाल जिलाध्यक्ष मेरठ वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन-भारत, श्री जयवीर कुमार सदस्य जिला कार्यकारणी गाजियाबाद तथा गाजियाबाद महानगर टीम से साथ में उपस्थित रहे हिमांशु अरोडा, सचिन हिंदू , पंकज सिसोदिया , रंजन अरोड़ा , विशाल ठाकुर आदि रहे।

# जीएस आयुवेर्दा मेडिकल में गीता जयंती समारोह का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** जीएस आयुवेर्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में संहिता सिद्धांत विभाग की तरफ से संस्कृत क्लब द्वारा गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महोदया डॉ. भावना सिंह , चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 प्रवीन गोयल एवं उप. चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आकांक्षा शर्मा की अध्यक्षता में भगवान श्री कृष्ण की पूजा से हुआ।





इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना ,धन्वंतरि वन्दना, संस्कृत भाषण प्रतियोगिता, श्लोक पाठन प्रतियोगिता, संस्कृत नाटक प्रतियोगिता, संस्कृत गीतम आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्लोक पाठन में प्रथम स्थान मुस्कान और अमृता ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान पर विनय और समीर रहे और तृतीय स्थान पर अंशिका और दृष्टि रहीं। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुकुल गर्ग ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान सबा परवीन एवं तृतीय स्थान अभय ने प्राप्त किया। गीता नाटक प्रतियोगिता में आशुतोष एवं ग्रुप प्रथम रहे। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपश्री, दूसरे स्थान पर इशिका तीसरे स्थान पर अब्दुल सलाम रहे।

इस कार्यक्रम का संचालन संस्कृत क्लब की अध्यक्ष डॉ0 सीमा जैन, उपाध्यक्ष रामप्रताप यादव, सचिव डॉ0 चारु त्यागी, सचिव डॉ0 प्रज्ञा शर्मा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर डॉ0 भावना जोशी,डॉ0 मनोज वीरेन्द्र यादव, डॉ0 मनोज शर्मा, डॉ0 मोहित, डॉ0 नूपुर, डॉ0 ऊषा आदि फैकेल्टी मेंबर्स, चिकित्सकों एवं छात्र/छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# जहांगीराबाद में नए गऊ ग्रास संग्रह वाहन का लोकार्पण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** नगर में नर नारायण सेवा संस्थान ने एक और गऊ ग्रास संग्रह वाहन का लोकार्पण डा0 देवेन्द्र गर्ग व डा0 नीरज अग्रवाल व डा0 वीरेन्द्र अग्रवाल गुसाइयान स्थित डा0 पी0डी0 अग्रवाल चौक में सी0एन0जी0 का नेप गऊ ग्रास संग्रह वाहन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मौजूद सभी चिकित्सकों ने संस्था द्वारा समाजहित के लिए किए जा रहे सभी कार्यों की सराहना की। इस मौके पर संस्था के सचिव राजीव अग्रवाल ने सभी पदाधिकारी और सदस्य व दर्जनों गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# फिजियोथेरेपी विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** मोनाड विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग के विद्यार्थियों ने मेडिकल कोबोटिक सेंटर एमसीसी, आईआईआईटीडी, नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण किया। वि०वि० के प्रतिकुलाधिपति डॉ० एनके सिंह, कुलपति डॉ० एम० जावेद, उपकुलपति एवं

**छात्रों के प्रयोगात्मक ज्ञान को बढ़ाने में राहायक होते हैं: डॉ0 एम जावेद**

कुलसचिव कर्नल डी०पी० सिंह, उपकुलपति प्रो० योगेश पाल सिंह, उपकुलपति डॉ० जयदीप कुमार एवं उपकुलपति रोहित शर्मा ने शैक्षणिक भ्रमण हेतु लगभग बयालीस छात्र एवं छात्राओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना





किया। फिजियोथेरेपी के विभागाध्यक्ष डॉ० शादुल हसन ने विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से शैक्षिक भ्रमण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करना और स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों से अवगत कराना था। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने मेडिकल कोबोटिक सेंटर एमसीसी, आईआईआईटीडी, नई दिल्ली द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी और उद्यमिता पर आयोजित सत्र में प्रतिभाग किया। इस सत्र में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधा संवाद किया और चिकित्सा प्रक्रियाओं, उपकरणों और उपचार विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अन्य आधुनिक तकनीकों को समझने का प्रयास किया। इस सत्र में प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियों को मेडिकल कोबोटिक सेंटर एमसीसी, आईआईआईटीडी, नई दिल्ली द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वि०वि० के फामेर्सी संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ० गरिमा गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान को विस्तृत करने और उन्हें व्यावसायिक रूप से तैयार करने में सहायक होते हैं। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में फिजियोथेरेपी के महत्व और उसकी उपयोगिता को समझने का मौका मिला है। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण का भरपूर लाभ उठाया और इसे अपने शैक्षिक जीवन का एक अविस्मरणीय अनुभव बताया। इस शैक्षिक भ्रमण में फिजियोथेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० शादुल हसन एवं अशरफ ने मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर वि०वि० के मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी के साथ अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** | **गाजियाबाद एचएलएम कॉलेज के क्रिकेट स्टेडियम में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतर दिल्ली मेरठ रोड स्थित...**

# महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता 12 दिसंबर से 21 दिसंबर 2024 तक की जा रही है आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज के क्रिकेट स्टेडियम में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतर दिल्ली मेरठ रोड स्थित महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता 12 दिसंबर से 21 दिसंबर 2024 तक आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक डॉ अनुज अग्रवाल जी व सहायक निदेशक डॉ धीरज कुमार शर्मा जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन एचएलएम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसके आयोजन सचिव डॉ अर्जुन सिंह पवार ( विभाग अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एचएलएम कॉलेज) ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से संबंध 26 महाविद्यालयों की टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता के पहले दिन ग्राउंड नंबर एक पर रुद्रा





कॉलेज मवाना ५/२ आर.वी कॉलेज दादरी के बीच मैच में आर.वी कॉलेज दादरी विजेता रहा वही दूसरा मैच ठअर कॉलेज मेरठ व रुद्रा कॉलेज नैनपुर के बीच खेला गया जिसमें ठअर कॉलेज विजेता रहा। ग्राउंड नंबर दो पर तीसरा मैच मुल्तानीमल मोदी कॉलेज मोदीनगर व मंगलमय इंस्टिट्यूट के बीच खेला गया जिसमें मंगलमय इंस्टीट्यूट की टीम विजेता रही। चौथा मैच एसएसवी कॉलेज हापुड़ व जेवीसी कॉलेज इं१४३ के बीच खेला गया जिसमें एसएसवी कॉलेज हापुड़ की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता नॉकआउट सिस्टम के माध्यम से खेली जाएगी। प्रतियोगिता के अंत में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा जो दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नॉर्थ जोन में प्रतिभाग करेगी।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना... ब्रजघाट पर रिवर रेचिंग कार्यक्रम आयोजित, मत्स्य बीज गंगा नदी में छोड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** गुरुवार को गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ब्रजघाट पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत रिवर रेचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने सहायक निदेशक मत्स्य ऋचा चौधरी,मत्स्य निरीक्षक गौरव कुमार पाल अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से ४४००० रोहू,कतला और नैन प्रजाति के मत्स्य बीज गंगा नदी में छोड़े गए। इस पहल का उद्देश्य गंगा में मछलियों की संख्या बढ़ाकर जलजीव विविधता को संरक्षित करना और मत्स्य पालन को बढ़ावा देना है।

विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के मछुआरों के आर्थिक सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

सहायक निदेशक ऋचा चौधरी ने बताया कि इस तरह के प्रयासों से मत्स्य पालन उद्योग को नई दिशा मिलेगी। उपस्थित लोगों ने गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में जतिन निगम सिंह,नरेंद्र,विजय गौतम,अशोक आदि ने भी भाग लिया।



## डीएम ने आंगनबाड़ी केन्द्र व कंपोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों में शुद्ध व गर्म भोजन दिया जाये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने विकास खंड हापुड़ के गांव बछलौता में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र नंबर-2, कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता रखी। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र व विद्यालय के प्रांगण में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

- आंगनबाड़ी केन्द्र के प्रांगण व विद्यालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये:प्रेरणा शर्मा
- डीएम ने विद्यालय में बच्चों की परखी शैक्षिक गुणवत्ता
- प्रत्येक कक्षा में समय सारणी जरूर चस्पा की जाये

गुरुवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने ग्राम बछलौता में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के परिसर में सफाई व्यवस्था,रसोई घर,कक्षाओं की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।





डीएम ने बच्चों लिए आहार बनाने की सामग्री की जांच करते हुए रसोईयां को निर्देशित किया कि बच्चों को प्रतिदिन शुद्ध व गर्म भोजन कराया जाएं। सर्दियों के मौसम में बच्चों को विशेष रूप से पौष्टिक आहार दिया जाएं। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों से शिक्षा एवं खानपान से सम्बंधित वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर लिखवाया और उनसे किताबें भी पढ़वाई। साथ ही उन्होंने बच्चों से शिक्षा एवं आहार के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर बच्चों ने कहा कि उन्हें उनकी शिक्षिका बहुत प्रेम से पढ़ाती हैं और भोजन भी प्रतिदिन समय से व अच्छा मिलता है। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने ग्राम बछलौता में कंपोजिट विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने कत्र्तव्यों का पूर्ण निष्ठा,ईमानदारी और लगन के साथ पालन करते हुए बच्चों को शिक्षित बनायें। साथ ही किस अध्यापक द्वारा कौन सा विषय किस समय पढ़ाया जाना है, उसकी समय सारणी विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में अनिवार्य रूप से चस्पा की जाएं।

डीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं कंपोजिट विद्यालय बछलौता के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी प्रांगण एवं स्कूल परिसर में साफ सफाई,स्वच्छता व सौन्दर्यता का विशेष ध्यान रखा जाएं।

## सीडीओ ने भारत स्काउट गाइड्स की दो दिवसीय रैली का उद्घाटन किया, स्काउट एवं गाइड समाजसेवी,भरोसेमंद व वफादार होते है: हिमांशु गौतम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को शहर के तगा सराय स्थित राम निवास स्मारक बालिका इंटर कालेज में दो दिवसीय भारत स्काउट एवं गाइड रैली का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व कालेज की संस्थापिका कुन्ती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम को सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ सहारनुपर मंडल मयंक शर्मा ने स्कार्प पहनाकर स्वागत किया। साथ ही जिला मुख्यायुक्त पारुल त्यागी,जिला आयुक्त विजय कुमार गर्ग,प्रधानाचार्या सिम्पी वर्मा ने रैली का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीडीओ ने कहा कि स्काउट एवं गाइड सच्चे समाजसेवी, भरोसेमंद, वफादार व कत्र्तव्य का पालन करने वाले होते है। ये राष्ट्रद्ध की शक्ति भी है। इससे पूर्व आर्य कन्या पाठशाला, श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कालेज,एसएसवी इंटर कालेज व राम निवास स्मारक बालिका इंटर कालेज की गाइड ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।



कार्यक्रम में कालेज प्रबन्ध हरीराज सिंह त्यागी ने व प्रधानाचार्या सिम्पी वर्मा ने विशिष्टद्द अतिथि सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता,अशोक बबली,सतीश कुमार, अनूप कुमार गर्ग, दयानंद त्यागी, महेन्द्र सिंह त्यागी, हरीश चन्द शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चंद,पूनम त्यागी,पूर्व जिला सचिव राम नरेश शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। मंच का संचालन जिला संगठन आयुक्त श्रीप्रकाश शर्मा,नीता कौशिक व शिवानी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वैशाली, रचना, नीतू त्यागी, विजय लक्ष्मी त्यागी, पूनम रानी, सुनीता रानी, प्रशांत कुमार, जुबैर, अफजल, विशाल कुमार, मानसी, छवि, सुनीता स्वामी, सुषमा, संदीप कुमार वर्मा, विनय सैनी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा संगठन चुनाव तैयारी : बाबूगढ़ मंडल अध्यक्ष पद पर 11 कार्यकर्ताओ ने किया आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भाजपा ने संगठन चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। गत बुधवार व गुरुवार को जनपद के सभी बारह मंडलों के अध्यक्ष पद पर कार्यकताओं ने आवेदन किया है। जिसमें बाबूगढ़ मंडल अध्यक्ष पद पर 11 कार्यकताओं ने अपना आवेदन किया है।

**दो दिनों में जिले के 12 मंडलों के अध्यक्ष पद कार्यकर्ताओ ने आवेदन किया**



गुरुवार को बाबूगढ़ मंडल अध्यक्ष पद के चुनाव अधिकारी,व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता को बाबूगढ़ मंडल अध्यक्षपद के लिए 11 कार्यकर्ताओ ने नामांकन पत्र जमा किया है। जिसमें विजय खरे, जिनेंद्र चौधरी, कपिल सिंघल,कपिल पाल, पंकज गर्ग, राजेंद्र चौधरी,ब्रह्मपाल सिंह,जितेंद्र आर्य,राहुल चटठा,सतीश मसंद व नरेश तंवर ने अपने-अपने पूरी प्रक्रिया को ध्यान में रखते आवेदन किए। चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने बताया कि सभी कार्यकताओं द्वारा जमा किये गये आवेदनों की जांच की गयी,वह शाम को वह अपनी चुनावी रिपोर्ट जिला अध्यक्ष नरेश तोमर को सौप देंगे, उसके बाद आने वाले दिनों में निर्णय किया जाएगा। इस अवसर पर योगेंद्र चौधरी,रकम सिंह, सतबीर सिंह,चौधरी बृजपाल,पवन लालपुर, राजीव चौधरी,अमित शर्मा,सतीश सिंघाल व दीपांशु गर्ग उपस्थित रहे।

## लेबर अड्डों पर कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण किया: सर्वेश कुमारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देश पर गुरुवार को श्रम विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर लेबर लड्डों पर कैम्प लगाकर निर्माण श्रमिकों पंजीकरण कर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमारी ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एनसीआर क्षेत्र में कार्यरत प्रभावित निर्माण श्रमिकों को जीवन निर्वाह भत्ता देने व अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिये थे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को श्रम विभाग के अधिकारियों ने निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करने के लिए लेबर अड्डों निमार्णाधीन साइटों पर कैम्प लगाकर श्रमिकों को विभाग द्वारा श्रमिकों के हित के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। साथ ही श्रमिकों का पंजीकरण भी किया।

- श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों को सरकार की योजनाओं की दी जानकारी
- गुरुवार को 40 श्रमिकों का पंजीकरण किया





सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमारी ने बताया कि गुरुवार को श्रम विभाग के अधिकारियों ने निर्माणधीन पुलिस लाइन,गंगा एक्सप्रेसवे, लेबर अड्डा अतरपुरा चौपला, लेबर अड्डा पिलखुवा,देहपा ब्रिक फिल्ड आदि स्थानों पर कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण किया। गुरुवार को 40 निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ऊषा वर्मा,विजयपाल सोनकर, कम्प्यूटर आपरेटर महेश यादव व अरुण आदि मौजूद रहे।


## महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भारला ने महिला थाना प्रभारी अरुणा रॉय की कार्यशैली की प्रशंसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भारला ने महिला थाना प्रभारी अरुणा रॉय की कार्यशैली की सराहना की है। महिला थाना प्रभारी ने शिकायतों के 100% निस्तारण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। मीनाक्षी भारला ने मिशन शक्ति के तहत चलाए गए अभियानों और महिलाओं को न्याय दिलाने के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अरुणा रॉय के नेतृत्व में थाना एक मिसाल बन गया है।

थाने में जितनी भी शिकायतें दर्ज की गईं, उनका समयबद्ध निस्तारण किया गया। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बच्चियों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, और महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। "जोड़ दो" अभियान के तहत कई परिवारों को फिर से जोड़ने में सफलता मिली।





महिला थाना प्रभारी अरुणा रॉय ने बताया कि उनकी प्राथमिकता महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित महसूस कराना है। उनके इस समर्पण को देखकर मीनाक्षी भारला ने कहा कि अन्य थानों को भी इस मॉडल को अपनाना चाहिए। उनका यह कार्य क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण और न्याय का प्रतीक बन गया है।

**प्रशिक्षण** | विभागों में सरकारी फाइलों का आदान प्रदान होगा बंद, ई-आफिस से कार्य शुरू होने से पेपर लेस होंगे कार्यालय

## विकास भवन के आफिस शीघ्र ई-आफिस से करेंगे कार्य : सीडीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के विकास भवन में संचालित करीब सभी कार्यालयों ने ई-आफिस से कार्य करने की तैयारी पूर्ण कर ली है। कार्यालयों में सरकारी फाइलों का आदान प्रदान बंद होगा। ई-आफिस से कार्य शुरू होने से कार्यालय पेपर लेसे होंगे। अधिकारियों की जवाबदेही होने के साथ-साथ कार्य पारदर्शी और समय से होगे। आपको बता दें,कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी कार्यालयों को पेपरलेस करने पर लगातार बल दिया जा रहा है। जिसके लिए ई-आफिस से कार्य करने की तैयारी की जा रही है। जिसके शुरू होने से समय की बचत होने के साथ-साथ अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी,और जनता के कार्य समय पर होंगे।

**कार्यालयों में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण**





मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बताया कि विकास भवन में संचालित सभी कार्यालय ई-आफिस से कार्य करने के लिए तैयारी पूर्ण कर चुके है। निर्देश मिलने पर कार्यालयों द्वारा ई-आफिस से कार्य करना शुरू देंगे। ई-आफिस से कार्य शुरू होने से कार्यालयों में फाइलों का आदान प्रदान बंद हो जायेगा।

उन्होंने बताया कि ई-आफिस सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत,उत्तरदायी,जवाबदेही और पारदर्शी कार्य प्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है। ई-आफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित करेंगी,बल्कि त्वरित निर्णय लेने में भी अधिकारियों की सहायता करेंगी।

## राष्ट्रपति ने धौलाना ग्राम प्रधान को किया सम्मानित,लोगों ने दी बधाई, दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/धौलाना।** गुरुवार को जनपद के गांव धौलाना के प्रधान अतीक भाई अहमद ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाते हुए धौलाना का नाम स्वर्णमीय अक्षरों में अंकित कर दिया। जिससे पूरा जनपद गौरवान्वित हुआ।

**ग्राम प्रधान ने राजधानी दिल्ली में जनपद का बढ़ाया मान सम्मान**

ग्राम प्रधान अतीक द्वारा धौलाना गांव का सूक्ष्म संसाधनों के बाद भी संतुष्टिपूर्ण विकास करने और अपने कर्तव्य पथ पर खरा उतरने पर उन्हें को दिल्ली विज्ञान भवन में भारत महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। जिससे संपूर्ण जनपद निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है।



गुरुवार को अतीक प्रधान के दिल्ली से वापस आने पर धौलाना के पंचायत सचिवालय पर क्षेत्र के लोगों ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। भाजपा के पूर्व मंडलाध्यक्ष नेता वीरेन्द्र शिशोदिया ने कहा कि अतीक प्रधान ने वह काम किया है जिसके बारे में सोचना भी एक सपना है। उन्होंने पूरे जनपद का मान राजधानी दिल्ली में बढ़ाया है। इसके लिए अतीक प्रधान और धौलाना ग्राम सचिव चौधरी गुरविंदर सिंह बधाई के पात्र है। ग्राम प्रधान अतीक भाई को धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया, बीडीओ धौलाना रामकुमार शर्मा, खंड पंचायत अधिकारी चौधरी संजय सिंह, ग्राम सचिव गुरविंदर सिंह, मुश्ताक अहमद, शशांक कुमार, ओमवीर सिंह, सगीर बिजली वाले, बब्बल खान, विनोद कश्यप, लोकेश शर्मा, शिवकुमार चौहान, अंकुर सिंह, सतवीर यादव,खंड पंचायत अधिकारी सिंभावली ब्लाक शिवम पांडेय,खुशबू पांडेय, सुशील खारी आदि ने बधाई दी है।

## सम्पादकीय

# खाद्य पदार्थों की कीमतें तेजी से बढ़ी




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

अक्टूबर, 2024 में महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई जो पिछले 14 महीने का सबसे ऊंचा स्तर है, यह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 4-6त्न की सीमा, जो अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षित मानी जाती है, के ऊपर है, जो चिंता का विषय है। खाद्य पदार्थों की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति ऐसे में है जब अधिकांश खाद्य पदार्थों की पैदावार कम नहीं हुई है। एक अनुमान के अनुसार वितरण की अव्यवस्था के कारण लगभग 20त्न गल्ला उन लोगों तक नहीं पहुंच पाता जिनको उसकी आवश्यकता है। फर्जी राशन कार्ड और राशन कार्ड के दुरुपयोग और काले बाजार में गल्ला बेचने की घटनाएं आम हैं। व्यापारियों और अमीर किसानों द्वारा गल्ले का स्टॉक बढ़ा कर कीमतों को प्रभावित करने पर सरकारी नियंत्रण कमजोर है। तेजी से बढ़ती आबादी के कारण खाद्य पदार्थों की मांग भी बढ़ रही है। इसमें संदेह नहीं किंतु कीमतें उससे भी अधिक तेजी से बढ़ रही हैं। कुछ खाद्य पदाथरे की मांग-पूर्ति में बड़ा अंतर है, जिसके कारण उनकी कीमतों पर लगाम लगाना सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है जैसे दालें, मौसमी सब्जियां, फल आदि। शाकाहारी लोगों की थालियां ही महंगी नहीं हुई हैं, वे लोग भी जो मांस, मछली, चिकन आदि का सेवन करते हैं, बढ़ती कीमतों से त्रस्त हैं। खाद्य पदार्थों के अतिरिक्त रोजमर्रा के उपयोग की चीजें-घी, तेल, साबुन, मसाले और किराने के अधिकांश सामान महंगे होते जा रहे हैं, जो लोगों की जेब पर भारी पड़ रहे हैं। कीमतों में वृद्धि के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यालय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति सितम्बर, 2024 में बढ़ कर 5.4 9त्न हो गई। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए मुद्रास्फीति दर क्रमशः 5.87त्न और 5.05त्न थी। अक्टूबर के आंकड़े और भी निराशाजनक थे, महंगाई दर 6.21त्नपर पहुंच गई, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह 6.68त्न और शहरी क्षेत्रों के लिए 5.62त्न थी। शहर वालों की अपेक्षा गांव के लोगों पर महंगाई की मार अधिक देखी गई। रिजर्व बैंक ने महंगाई की इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए अल्पकालीन ऋण दर को बदलने से मना कर दिया और सरकार को सुनिश्चित करने को कहा कि मुद्रास्फीति मार्जिन को चार प्रतिशत पर लाने की कोशिश करे। गेहूं की कीमत पिछले कुछ वर्षो से लगातार तेजी से ऊपर जा रही हैं। 2010 में गेहूं की औसत कीमत 1100 रुपये प्रति क्विंटल थी जो 2015-16 में 1450 पर आ गई, अक्टूबर, 2024 में यह 2700 के ऊपर पहुंच गई। किसानों को इसका लाभ मिला किंतु उतना नहीं जितना अपेक्षित था क्योंकि इनपुट कीमतें खाद, बीज, डीजल, भाड़ा, श्रम, सभी महंगे होते गए।

सरकार ने 2024-25 के लिए गेहूं की न्यूनतम खरीद दर 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की जिसे किसान बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। आम उपभोक्ता गेहूं की बढ़ती कीमतों से त्रस्त हैं। गरीबी में आटा गीला की कहावत चरितार्थ हो रही है। दालें शाकाहारी खाने में प्रोटीन की मुख्य स्रोत हैं, उनकी कीमतें पिछले कई वर्षो से लगातार बढ़ती जा रही हैं। 2020 में अरहर की दाल 80 रुपये प्रति किलो थी जो अब 180 प्रति किलो के लगभग है। अधिकांश दालों की खुदरा कीमत बाजार में 100 रुपये प्रति किलो के ऊपर है। दुनिया के दालों के कुल उत्पादन में भारत का हिस्सा 25त्न है, किंतु यह मांग से कम है, आयात की आवश्यकता पड़ती है। सब्जियों की कीमतें तो मौसम के अधीन रहती हैं, जिन पर जलवायु परिवर्तन का असर बराबर देखा जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से टमाटर, आलू, प्याज आदि की कीमतें आसमान छू रही हैं।

# क्या संसद के शीतकालीन सत्र में ठोस मुद्दे गुम है और में बात का बतंगड़ वाले मुद्दे ज्यादा हैं!



अशोक भाटिया,मुंबई

संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। 25 नवंबर से शुरू हुआ सत्र अब तक काम से ज्यादा व्यवधान के लिए सुर्खियों में रहा है। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच गतिरोध जारी है। किसी दिन 10 मिनट तो किसी दिन 15 मिनट सदन चला। आखिर इस गतिरोध के पीछे की वजह क्या है? इससे जनता से जुड़े मुद्दों का कितना नुकसान हो रहा है । ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद चल नहीं पा रही है। सिर्फ दो तीन मुद्दे हैं जो महाराष्ट्र चुनाव में उठाए गए थे। वही फिर से दोहराए से जा रहे हैं। जो नारे और जो मुद्दे चुनावी भाषणों में उठाए जा रहे थे, वही सदन में उठाए जा रहे हैं। लोग सकारात्मक बहस देखना और सुनना चाहते हैं। इसमें जितना विपक्ष जिम्मेदार है, उतना ही सत्तापक्ष भी जिम्मेदार है। सदन में ऐसी बातें हो रही हैं, जिनका देश के लोगों से कोई सरोकार नहीं है। पहले यह होता था कि विपक्ष विमर्श से सत्तापक्ष को झुका देता था। प्रश्न यह है कि क्या सांसदों का उद्देश्य सिर्फ संसद को बाधित करना होता है। आजकल यह होता है कि हंगामा जिसने जितना बड़ा कर लिया, वो ज्यादा ताकतवर समझा जा रहा है। ऐसा मत समझिए कि जनता सिर्फ श्रीराम और अल्लाह के नाम पर वोट करती है। सबके जीवन में बुनियादी जरूरतें होती हैं। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। गंभीर टिप्पणी करने के लिए बहुत अध्ययन की जरूरत होती है, जो आज के जनप्रतिनिधियों में दिखाई नहीं देती है। सांसदों को भान होना चाहिए कि भारतीय संसद, देश की सर्वोच्च विधायिका, जो जनता की आवाज को बुलंद करने और उनके मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करने के लिए स्थापित की गई थी, पर सांसद आज जनता के मुद्दों को छोड़ दूसरे विषयों पर चर्चा करने में ज्यादा वक्त जाया कर रही है। यानी भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली में जो संसद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वहां पिछले कुछ वर्षों में आम जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा अपेक्षाकृत कम हो गई है। इसका मुख्य कारण राजनीतिक दलों के बीच बढ़ता टकराव और विभिन्न विवादास्पद मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया जाना है। देशहित में बड़े-बड़े मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें धर्म, संस्कृति और समाज का महत्व शामिल होता है, लेकिन इन तमाम चचाओं के बीच, आम जनता के वास्तविक मुद्दे जैसे कहीं खो जाते हैं। विडंबना यह है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और संप्रभुता को बनाए रखने की बात तो की जाती है, लेकिन आम जनता के दुख, पीड़ा और उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। निश्चित रूप से यह स्थिति चिंताजनक है और इसका निराकरण जरूरी है। मगर, संसद में बहस और चर्चा के लिए फुर्सत नहीं निकाल पाना भी एक बड़ी समस्या बन गई है। कई बार महत्वपूर्ण विधेयकों को जल्दबाजी में पारित किया जाता है, जिससे व्यापक चर्चा और जनता की आवाज सुनी नहीं जाती। इससे आम जनता के मुद्दों पर सार्थक बहस की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा, सांसदों का व्यक्तिगत एजेंडा और राजनीतिक दलों की प्राथमिकताएं भी आम जनता के मुद्दों पर कम ध्यान देने का कारण बन जाती हैं। कई बार सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को उठाने के बजाय, राष्ट्रीय राजनीति और पार्टी के हितों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं। झांसी की घटना को वहां के सांसद ने अब तक नहीं उठाया क्योंकि वो भाजपा से हैं और राज्य में भाजपा की सरकार है। दुःख इसी बात का है कि उन मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती, जो आम जनता के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। संसद में विभिन्न मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें राजनीति, धर्म और सामाजिक विषयों पर जोर दिया जाता है। ये बहस आवश्यक है, क्योंकि ये देश की दिशा और दशा को निर्धारित करती है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? संसद में रोटी, कपड़ा, मकान के अलावा भी कई बुनियादी समस्याएं हैं, जिन्हें सुलझाने की जरूरत है। कहीं गंदगी का अंबार लगा है, पीने का पानी नहीं है, कहीं सड़क टूटी है तो कहीं सड़क ही नहीं है। बिजली, परिवहन, स्कूल, अस्पताल, पार्क जैसी कई बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन उसको कोई तवज्जो नहीं दी जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं भी अलग होती हैं, जिन पर क्षेत्रीय सांसदों का ध्यान केंद्रित होना चाहिए। यह भी सच है कि कई सांसद अपने हिस्से की निधि का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। इसके बावजूद विपक्ष ने संसद के अंदर जनता के मुद्दों को बुलंद करने की कोशिश की है। यह आवश्यक है कि सभी पार्टियां, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दें और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहें।

भारत में बेरोजगारी, महंगाई और अन्य सामाजिक समस्याएं, जैसे कि पेपर लीक, किसानों की समस्याएं, और सीमा पर चीन से मिलने वाली चुनौतियां, ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर संसद में चर्चा होना जरूरी है। संसद के मानसून सत्र में आरक्षण, वक्फ बोर्ड और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन जनता के कई मुद्दे गौण हो गए, हालांकि सरकार ने रोजगार बढ़ाने और सृजन करने की मंशा व्यक्त की है, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में रोजगार की समस्या अभी भी प्रमुख है। युवाओं में कौशल और प्रशिक्षण की कमी, बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है। सरकार ने बजट में युवाओं में उचित कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। यदि, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो युवाओं को रोजगार प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

देश में प्रदूषण, आतंकवाद, सड़क सुरक्षा और निर्माण संबंधी खतरे जैसे प्रमुख मुद्दे हैं, जिन्हें सार्वजनिक हित के मुद्दे कहा जा सकता है। इन मुद्दों को कानूनी ढांचे के भीतर हल किया जा सकता है, लेकिन आज देश में हर जगह परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, आतंकवाद, क्षेत्रवाद, बढ़ती जनसंख्या, महंगाई, बेरोजगारी, जमाखोरी, भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, बलात्कार और भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं। इन समस्याओं पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। देश के अंदर किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रहीं हैं। सड़कों पर दूध और सब्जियां फेंकी जा रही हैं, लेकिन इन मुद्दों पर संसद के अंदर गंभीर चर्चा नहीं होती है। इसके विपरीत, कई विवादास्पद मुद्दों के कारण सांप्रदायिक माहौल बिगड़ रहा है, जो देश की अखंडता के लिए खतरनाक है। राजनीतिक दल भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने से बचते हैं। पार्षद, विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देने के बजाय पार्टी लाइन से चली बड़ी-बड़ी बातें करने में व्यस्त रहते हैं। ऐसा लगता है कि सभी पार्टियों ने जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने की आदत बना ली है। हाल ही में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने यमुना नदी में प्रदूषण का मुद्दा उठाया और कहा कि जब तक दिल्ली में बुद्ध स्तर पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाए जाएंगे, यमुना की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार के असहयोगात्मक रवैये की ओर ध्यान आकृष्ट किया और दिल्ली सरकार पर भी निशाना साधा। यह बेहद दुखद है कि सदियों से पूजी जाने वाली यमुना नदी आज नाले में तब्दील हो गई है।

## मान जाया कीजिए

हमारी कमजोरी का फायदा उठा,
रोज गुस्सा मत दिखाया कीजिए ।

मुस्कुराहट आपकी खूबसूरत बड़ी,
जब मनाएं मान जाया कीजिए ।

दाल गलती नहीं बिना आपके,
नाराज हो न तड़पाया कीजिए ।

प्रेम "आनंद" जीवन आपकी हंसी,
खफा हो दिल ना दुखाया कीजिए ।

माना गुस्ताख दिल भूल कर बैठता,
माफ कर गले से लगाया कीजिए ।

जिंदगी की रौनक आप से ही है,
मीठे नगमें जरा सुनाया कीजिए ।

प्यारा परिवार यूं ही खिलता रहे,
चाहतों का दामन खटखटाया कीजिए ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिबंध



प्रियंका सौरभ

सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके जरिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और / या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की योजना की घोषणा की है, जो १६ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की जरूरत है। संतुलन पर, ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना नहीं है कि १६ वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही प्रतिक्रिया है। ऐसे कम प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अन्य मानवाधिकारों पर इतना महत्त्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाले बिना। वैकल्पिक प्रतिक्रिया का एक उदाहरण सोशल मीडिया कंपनियों पर देखभाल का कानूनी कर्तव्य रखना होगा। इसके लिए उन्हें अपने उत्पादों को बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए उचित कदम उठाने होंगे। देखभाल का वैधानिक कर्तव्य पेश करना सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार करने का एक सक्रिय तरीका होगा। आयोग समझता है कि सरकार द्वारा देखभाल के ऐसे कर्तव्य पर विचार किया जा रहा है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से उनके मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकर्ताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्यक्तियों और संगठनों को पारंपरिक प्रचार या शैक्षणिक तरीकों से बेजोड़ गति से जानकारी साझा करने और आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। सोशल मीडिया ने लोगों के बीच जानकारी साझा करने के तरीके को बदल दिया है। नतीजतन, यह निर्णय लेने में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सुशासन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के फायदों में से एक यह है कि यह सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है।

# विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ना अत्यन्त आवश्यक



डॉ.सत्यवान सौरभ

जलवायु परिवर्तन के प्रति भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है, जलवायु चुनौतियों का समाधान करते हुए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को एकीकृत करके, इस रणनीति का उद्देश्य उत्सर्जन को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना जैसी पहल इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हम पाते हैं कि सामाजिक लक्ष्यों का पीछा करना, आम तौर पर, उच्च पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ा होता है। हालाँकि, देशों के बीच बातचीत बहुत भिन्न होती है और विशिष्ट लक्ष्यों पर निर्भर करती है। दोनों ही बातचीत में, कार्बन भूमि और पानी की तुलना में छोटे बदलावों का अनुभव करता है। हालाँकि उच्च और निम्न आय समूहों द्वारा प्रयासों की आवश्यकता है, लेकिन अमीरों के पास मानवता के पदचिह्नों को कम करने का अधिक लाभ है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के महत्त्व को देखते हुए, यह महत्त्वपूर्ण है कि एसडीजी के बीच मात्रात्मक बातचीत को अच्छी तरह से समझा जाए ताकि जहाँ जरूरत हो, एकीकृत नीतियाँ विकसित की जा सकें। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण, जो कई मोर्चों पर एक साथ प्रगति के लिए विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है: भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करता है, जलवायु क्रियाओं को गरीबी में कमी और ऊर्जा पहुँच जैसे लक्ष्यों के साथ जोड़ता है। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना न केवल अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है बल्कि कम आय वाले परिवारों को सस्ती बिजली भी प्रदान करती है। जलवायु क्रियाओं को विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर, सह-लाभ दृष्टिकोण पर्यावरणीय पहलों में सार्वजनिक समर्थन और भागीदारी को बढ़ाता है।

पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है।

# बीजेपी के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए।

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों



अजय कुमार,लखनऊ

को जन्म दे सकता है। बहराल,सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। भाजपा को मात देने के लिए रणनीति के साथ जनता के बीच लगातार जुटे रहने की जरूरत है। बात बीएसपी की की जाए तो हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था। इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं। वैसे तो मायावती सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। प
ाहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है।इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो ने पुराने बसपाइयों को भी वापस आने का बुलावा दिया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# इस्सोपुरटिल मारपीट की वायरल वीडियो प्रकरण में मामला पंजीकृत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटिल तालाब के भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व खूनी संघर्ष का वीडियो वायरल हो गया था। घटना के संबंध में पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

विदित रहे कि बीते बुधवार को गांव इस्सौपुरटिल विशेष व शब्बीर पक्ष का तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद हो गया था। दोनो पक्षों में गहरा विवाद बढ गया। हंगामें को लेकर दोनों पक्षों के लोग मौके पर जमा हो गये। जिसके चलते दोनों पक्षों में तीखी झड़पों के विवाद मारपीट शुरू हो गई। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों व पथराव से हमला शुरू कर दिया। दोनो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष होता देखकर आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। दोनो पक्षों के बीच काफी देर मारपीट चलती रही। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर दोनो पक्षों को मौके से हटाकर स्थिति को नियत्रिंत किया था। इस खूनी तांडव के दौरान दोनों पक्षों से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। विशेष व खुर्शीद पक्ष ने एक दूसरे के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके चलते पुलिस प्रशासन भी हरकत में आया। घटना के संबंध में पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

# सर्किट हाउस में महिला आयोग की सदस्य डॉ.हिमानी अग्रवाल ने की जनसुनवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ हिमानी अग्रवाल ने

- **महिला निसंकोच बताए अपनी समस्या, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग आपके साथ-डॉ. हिमानी अग्रवाल**
- **महिला आयोग की सदस्य ने किया रजपुरा ब्लॉक के इंचौली आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण**

गुरुवार को सर्किट हाऊस मे महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। उन्होंने






अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं से संबंधित समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करें, जनसुनवाई के दौरान आई महिलाओं से उन्होंने कहा कि महिलाएं खुलकर अपनी समस्याएं अधिकारी के सामने रखें।उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग 24 घंटे उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है, जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, मारपीट, जमीनी विवाद, के मामले सामने आए। जनसुनवाई के बाद राज्य महिला की सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल ने रजपुरा ब्लॉक के इंचौली आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदस्य द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई व छोटे बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने सदस्य को कविता भी सुनाई। निरीक्षण के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य ने रसोई घर, बच्चों की क्लास रूम, भोजन कक्ष आदि का निरीक्षण किया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर एडीएम सिटी बृजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कटारिया, नगर निगम, आपूर्ति विभाग, जिला अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी रामसेवक, बाल विकास परियोजना अधिकारी राजीव कुमार, महिला थाना अध्यक्ष, पूनम चौधरी, संगीता गुप्ता, स्कूल के शिक्षक, और आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

# हज-2025 के प्रशिक्षक हेतु आज 13 दिसम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन-जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ० रुहेल आजम ने बताया कि सचिव/कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 राज्य हज समिति मौलाना अली मियां मैमोरियल हज हाउस सरोजनी नगर लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज 2025 के हज यात्रियो को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों की चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। ऑनलाइन आवेदन 04 दिसम्बर से आरम्भ हो गया है जो 13 दिसम्बर 2024 की मध्य रात्रि तक जारी रहेगा। ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया की बेवसाइट ँ३३स्र२:/ूँह्ल२३ीॅंह्न५.ल्ल पर किया जायेगा। हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा दिसम्बर 2024 के तीसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा ली जाएगी। प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिल्ली में जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में सम्भावित है। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जायेंगे, ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगे। 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जाएगा। गत वर्षों में जिनका बार-बार चयन हुआ हो परन्तु उनके द्वारा निराशाजनक प्रदर्शन किया गया है, उनका चयन नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षक के रूप में शिक्षित, ईमानदार, कुशल, मेहनती और मृदुभाषी व्यक्तियो का चयन किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन के समय निर्धारित प्रपत्र भी अपलोड करना आवश्यक होगा। प्रशिक्षक हेतु आयु 25 वर्ष से कम 60 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक के विरुद्ध किसी भी आपराधिक रिकॉर्ड उपलब्ध होने की स्थिति में उनका चयन नहीं किया जायेगा। गत पाँच वर्षों में हज किया होना अनिवार्य है। अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू व स्थानीय भाषा बोलने व समझने में निपुण हो। हज एवं उमराह के अरकानों एवं उसके कियान्वयन की पूर्ण जानकारी रखता हो। मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ हो। भीड/समूह को सम्बोधित करने व नियंत्रित करने का अनुभव हो। कम्प्यूटर की जानकारी रखता हो।

# योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति में रचा कीर्तिमान, 3.45 करोड़ उपभोक्ताओं को दी जा रही बिजली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**– प्रदेश में कुल भार का 62 प्रतिशत संयोजित भार घरेलू श्रेणी को दिया जा रहा, इस श्रेणी में महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश से आगे है यूपी**

**लखनऊ।** योगी सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। योगी सरकार ने हर घर को बिजली पहुंचाने का संकल्प और उद्योगों को निर्बाध आपूर्ति की प्रतिबद्धता के साथ ऊर्जा क्षेत्र में खुद को देश का अग्रणी राज्य साबित किया है। वर्तमान में देश में उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य हैं, जहां कई विकसित राज्यों की अपेक्षा कई गुना ज्यादा यूपी में घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो सीएम योगी के हर घर को बिजली के संकल्प को दशार्ता है।

**प्राथमिकता के आधार पर घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचायी जा रही निर्बाध बिजली आपूर्ति**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम्स) द्वारा 3.45 करोड़ उपभोक्ताओं को भीषण ग्रीष्म ऋतु में 30,618 मेगावॉट की अधिकतम डिमांड की बिजली निर्बाध रूप से उपलब्ध करायी गयी। इन उपभोक्ताओं को एचटी से लेकर एलटी वॉल्टेज पर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए 4,677 से अधिक विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण किया गया है। इन डिस्कॉम्स के कुल संयोजित भार में से 62 प्रतिशत संयोजित भार घरेलू श्रेणी के हैं जबकि अन्य श्रेणियों (औद्योगिक क्षेत्र) में यह आंकड़ा 38 प्रतिशत ही है। वहीं देश के अन्य विकसित राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश आदि में घरेलू श्रेणी के संयोजित भार का प्रतिशत मात्र 25-35 प्रतिशत ही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश ने घरेलू श्रेणी में 62 प्रतिशत संयोजित भार के साथ देश के अन्य विकसित राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश को पीछे छोड़ दिया है। यह योगी सरकार की उपलब्धियों की दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं का ही परिणाम है कि हर घर तक रोशनी पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रही है।

**योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति को जारी किये 46 हजार करोड़**

योगी सरकार की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन 18 घंटे और तहसील मुख्यालयों में साढ़े इक्कीस घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। बिजली आपूर्ति में सुधार के साथ-साथ राज्य सरकार बिजली की लागत और राजस्व वसूली को भी प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली का प्रतिशत बढ़कर 84.36 प्रतिशत तक पहुंच गया है। योगी सरकार सब्सिडी और लॉस फंडिंग के जरिए 46,000 करोड़ की धनराशि बजट के माध्यम से निर्गत कर बिजली आपूर्ति को बाधित नहीं होने दिया। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कई कदम उठा रही है ताकि घरेलू उपभोक्ता से लेकर औद्योगिक संस्थानों को बिना किसी समस्या के अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

# जेल में बंद किसानों से मिलने जा रहे सपा डेलिगेशन को पुलिस ने रोका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा।** लुक्सर जेल में बंद आंदोलन कर रहे किसानों से मिलने आज सपा का एक प्रतिनिधि मंडल जा रहा था जिसे ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर प्रशासन द्वारा रोक दिया गया। इसके बाद समाजवादी पार्टी का डेलिगेशन समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर चले गए वहां पर उन्होंने जेल में बंद किसानों के परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया। इस दौरान सपा सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर वह लोग जेल में बंद किसानों से मिलने के लिए जा रहे थे लेकिन उन्हें जेल नहीं जाने दिया गया अब वह जिला कार्यालय पर अपने कार्यकर्ताओ से बातचीत करेंगे और आगे की रणनीति पर कार्य करेंगे साथी किसानों की जो मांगे हैं उनको लेकर भी चर्चा करेंगे और यहां से जो भी रिपोर्ट मिलेंगे उसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देंगे। उसके बाद डेलिगेशन में शामिल सभी लोगों ने जिलाधिकारी व अपर पुलिस आयुक्त से जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर वार्ता की और उन्होंने किसान की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग रखी ,साथ ही साथ बिना शर्त किसानों की रिहाई की भी मांग रखी। इस प्रतिनिधि मंडल में शामिल मुख्य लोगों में लोकसभा सांसद नरेश उत्तम पटेल ,हरेंद्र मलिक, लाल जी वर्मा, विधायक कमाल अख्तर ,गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ,प्रदेश सचिव, फकीरचंद नागर ,सुनील चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सिंह यादव, डॉ महेंद्र नागर ,सुनील भाटी , डॉक्टर आश्रय गुप्ता , गजराज नागर,इंद्र प्रधान,नरेंद्र नागर ,सुधीर तोमर, नोएडा महानगर से रोहित यादव ,सौरभ चौहान ,बिल्लू सैफी, मयंक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मेरठ एसएसपी की बड़ी कार्रवाई: खिवाई चौकी का पूरा स्टाफ किया सस्पेंड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र मे लगातार हो रही गौकशी की घटनाएं ना रोक पाने पर एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बड़ी कार्रवाई की है। सरूरपुर थाना क्षेत्र की खिवाई चौकी का पूरा स्टाफ सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार को भी चौकी क्षेत्र में संरक्षित पशु की हत्या को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने हंगामा किया था।सएसपी ने बताया कि मंगलवार को खिवाई चौकी क्षेत्र में गौकशी का मामला सामने आया था। इससे पहले भी उच्चाधिकारियों के कई बार निर्देशित करने के बावजूद क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया। इसमें समस्त चौकी का स्टाफ इसमें विफल रहा। इसी के चलते चौकी इंचार्ज रामवीर सिंह, रामवीर सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल नीरज सिंह, कांस्टेबल भूपेंद्र यादव, अमित पंवार और विवेक कुमार कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में गैस एजेंसी के डिलीवरी मैन की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** गैस एजेंसी पर डिलीवरी मैन के रूप में काम करने वाले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई।बताया गया है कि गांव पाली निवासी करीब 28 वर्षीय अंकित सरधना स्थित एक गैस एजेंसी में डिलीवरी मैन का काम करता था। मंगलवार रात वह सरधना से अपने गांव पाली जा रहा था, इसी दौरान किसी वाहन या पशु से टक्कर होने के कारण बाइक फिसल जाने से वह सड़क पर ही गिरकर अचेत हो गया। बताया गया है कि उसे अचेत अवस्था में पाकर ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना देते हुए उसे सरधना के विभिन्न अस्पतालों में उपचार कराने की कोशिश की, लेकिन वह दम तोड़ चुका था। बुधवार सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### आफिया हत्याकांड का 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ़्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** मंगलवार की रात थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामी हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में हत्यारोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।बता दें कि कुछ दिन पूर्व सरधना के कालंद गांव में कुछ लोगों ने रंजिशन एक डेयरी संचालक के मकान पर फायरिंग



करती थी। आरोपियों ने आठ वर्षीय आफिया पुत्री तहसीन की गोली मारकर हत्या करती थी। मामले में मृतक पक्ष में चार नामजद तथा पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया था, जबकि फरार चल रहे तीन हथियारों के ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार की रात पुलिस ने कालंद रजवाहा पटरी के निकट हत्यारोपी कैफ पुत्र नईम को घेर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने तमंचे से फायरिंग की तो पुलिस ने भी जवाबी गोली चलाई। पुलिस की गोली पैर में लगने से कैद घायल हो गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करके उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी कैफ को गिरफ्तार किया गया है। फायरिंग में कैफ के पैर में गोली लगी है। जिसका अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है।

# स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजन


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** भाषा विभाग, कला और सामाजिक विज्ञान संकाय, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के द्वारा भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। जिसका विषय पर भारत के विभिन्न प्रदेशों की भाषा और बोली पर आधारित व्याख्यान माला/ काव्य पाठ, नृत्य और गीत गायन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तमिल भाषा के प्रमुख कवि चेन्नास्वामी सुब्रह्मण्यम भारती जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा. कर्नल देवेन्द्र स्वरुप एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित कला संकाय के अध्यक्ष प्रो. पिंटू मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों को सम्मान स्वरूप पादप प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भाषा विभाग के छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग प्रदेश की वेश-भूषा धारण कर द्वार पर अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रेक्षागृह में प्रवेश कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां वीणा पाणि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा द्वारा अतिथियों का सभागार में हार्दिक स्वागत करते हुए भारतीय भाषा के महत्त्व को रेखांकित किया। अतिथियों द्वारा ह्यभाषा अनेक भाव एकह्न को आत्मसात करते हुए अपने भावों एवं विचारों को गरिमामय रूप से प्रस्तुत किया तथा उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाएँ भारत की समृद्ध संस्कृति की संवाहक हैं।

# सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स फैस्ट का हुआ शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बागपत।** सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स फैस्ट का शुभारंभ किया गया। स्पोर्ट्स फैस्ट का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक अजय गोयल ने मां सरस्वती प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। स्पोर्ट्स फैस्ट प्रथम दिवस पर आज इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आज प्रथम चरण के मैच खेले गए। बालकों के जूनियर वर्ग में पहला मैच येलो हाउस व ग्रीन हाउस के बीच खेला गया। जिसमें येलो हाउस ने ग्रीन हाउस को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण बढ़त बनायी। येलो हाउस की ओर से मुजक्किर ने दो एवं श्रेय व राजा ने एक-एक मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को विजय श्री दिलायी। इसी वर्ग का दूसरा मैच रेड हाउस व ब्लू हाउस के बीच खेला गया जो काफी रोमांचक रहा। इस मैच का निर्णय पेनल्टी शूट आउट के द्वारा किया गया, जिसमें ब्लू हाउस ने रेड हाउस को 1-0 से हराकर प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रवेश किया। ब्लू हाउस की ओर से अभिनव ने एक शानदार गोल दागकर अपनी टीम को विजय श्री दिलायी। फुटबॉल प्रतियोगिता में यश, निशान्त, कबीर, अमन, ओम, अनम, अयान, अंश, माधव, सिद्धार्थ, आदर्श, विहान, सुमित, प्रजन्य, सिद्धांत, देवांश, विराट, आरव, विवान, रोबिन, शिव, विनय, समर, फैज, मंजीत, देव, कार्तिक, जतिन, उज्जवल, जुनैद, शौर्य, आदि छात्रों ने प्रतिभा किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच कल खेले जायेंगे । फुटबॉल प्रतियोगिता के इस अवसर पर पीटीआई राजीव, अजीत, अक्षय, बबलेश, आशीष, सचिन, इमरान, दीपक, सुमन, शालू, ममता, गीता, निधि आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

**आयोजन** | **अंग्रेजी के इच्छुक लोगों को अंग्रेजी में सोचना शुरू करना चाहिए : डॉ. रफत खानम**

# अंग्रेजी कौशल विकास विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजेज , कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा अंग्रेजी कौशल विकासष पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का लाइव स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर और अंग्रेजी और विदेशी भाषाओं की प्रभारी डॉ. रफत खानम द्वारा संचालित किया गया ।

डॉ. रफत ने इंग्लिश स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला में अंग्रेजी सीखने के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे दिन-प्रतिदिन की बातचीत, सही उच्चारण, आत्म परिचय युक्तियाँ और संवादी इशारों पर ध्यान केंद्रित करना और अंत में कुछ महत्वपूर्ण बोनस युक्तियाँ पर प्रकाश डाला । इस वर्चुअल कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों को अंग्रेजी को भली भांति सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। डॉ. रफत खानम ने प्रारंभ में सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और अंग्रेजी सटीकता और दक्षता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्याख्यान की शुरूआत त्रुटिरहित अंग्रेजी कौशल विकसित करने पर जोर देते हुए की, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने 35 सामान्य शब्दों के उच्चारण साझा किए जिनका आमतौर पर गलत उच्चारण किया जाता है। उन्होंने अंग्रेजी में 75 सबसे आम दैनिक अभिव्यक्तियां भी साझा कीं, जिनका उपयोग प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक बातचीत में करना चाहिए।



उन्होंने आत्म-परिचय, और परिचय देते समय कुछ सामान्य त्रुटियों का विस्तार से वर्णन किया और परिचय के त्रुटि मुक्त उत्तरों के लिए नमूना उत्तर प्रदान किए। उन्होंने अंग्रेजी में सार्थक बातचीत के लिए शब्दों और इशारों के अनुपात को बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने टिप्पणी की,आप जो कहते हैं उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण यह है कि आप कैसे कहें। इस संदर्भ में उन्होंने आंखों का संपर्क, चेहरे के भाव, हावभाव और मुद्राएं बनाए रखने के कुछ सुझाव दिए जो आत्मविश्वास के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि अंग्रेजी सीखने के इच्छुक विद्यार्थियों को अंग्रेजी में सोचना शुरू करना चाहिए; उन्हें वस्तु के नाम और छोटी दैनिक अभिव्यक्तियों से शुरूआत करनी चाहिए। उन्होंने अंग्रेजी बोलने और लिखने के निरंतर अभ्यास पर जोर दिया। उनकी वाक्पटुता ने हजार से अधिक प्रतिभागियों को प्रभावित किया। प्रतिभागियों ने चैट बॉक्स संदेशों के माध्यम से ऐसे और सत्रों के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हमारी कमजोरी नहीं होनी चाहिए; अंग्रेजी न जानने के कारण हमें बेरोजगारी का सामना नहीं करना चाहिए। अंग्रेजी सिर्फ एक भाषा है और बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए हर किसी को इसे सीखना चाहिए। दर्शकों को संबोधित करते हुए, उन्होंने बताया कि भाषा विभाग अंग्रेजी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए दो पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है - शुरूआती लोगों के लिए 8 सप्ताह का प्राथमिक अंग्रेजी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम और उन्नत शिक्षार्थियों के लिए उन्नत अंग्रेजी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम जो अपने अंग्रेजी कौशल में दक्षता के इच्छुक हैं वो इन कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं । उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम जनवरी 2025 से शुरू होंगे। इंग्लिश स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला से छात्रों, पेशेवरों और शिक्षकों सहित 1000 से अधिक प्रतिभागियों को लाभ हुआ। कार्यशाला के लाइव सत्र के दौरान 500 से अधिक प्रमाणपत्र वितरित किये गये। कुल 776 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और लाइव सत्र के दौरान 1100 से अधिक सकारात्मक टिप्पणियां प्राप्त हुई।

# पुलिस ने हत्या के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** 03 दिसंबर को थाना बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली नरौली में मोटर पार्ट्स की दुकान पर सामान लेने के बाद तीन बाइक सवारों ने दुकानदार टीटू चौधरी पुत्र स्व0 विजयपाल सिंह नि0 मौ0 मकुपुरा कस्बा नरौली को गोली मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के भाई अंकुश चौधरी द्वारा थाने में तहरीर दी गई जिसके आधार पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गुरुवार को हत्या के मामले में प्रकाश में आये अभियुक्तों विक्रम सिंह, लवी व नदीम को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त नदीम के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, अभियुक्त लवी व नदीक के कब्जे से मृतक टीटू चौधरी की हत्या करने की फिरौती में मिले-मिले 50 हजार रु0 व घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल बदामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई।



पूंछताछ करने पर अभियुक्त विक्रम ने बताया कि उसकी शादी 8-9 वर्ष पहले मृतक टीटू चौधरी का बहन सविता से हुई थी। 27 नवंबर 2024 को मेरा व मेरी पत्नी का झगड़ा हो गया था। पत्नी के फोन करने अपने भाई अंकुश चौधरी को बुलाया था, जिसमें घर पर मेरी अंकुश के साथ हाथापाई भी हो गई थी। इसके बाद मेरी पत्नी अपने भाई अंकुश के साथ मायके चली आई। इसके बाद अपने गांव में मोटरसाईकिल मिस्त्री लवी व मेरे गांव के नदीम जो मेरे मित्र हैं, मैनें इनको अपने साथ हुए अपमान बाद बदला लेने हेतु बताया। तब लवी व नदीम ने फैजान अलवी पुत्र अलाउद्दीन अलवी नि0 मंडाली थाना ऐचोड़ा कम्बोह जिला सम्भल से मिलवाया और बताया कि फैजान अलवी अभी जेल से छुट कर आया है जो कि अच्छा शूटर है तथा मैंने उनसे डेढ़ लाख रु0 में दोनों साला में से किसी एक की हत्या करने की बात कही थी। इसके बाद मैंने सोच समझकर अपने साथियों के साथ मिलकर बड़े साले टीटू चौधरी को रास्ते से हटवाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से टीटू चौधरी की 03 दिसम्बर को कस्बा नरौली उसकी दुकान पर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना का खुलासा गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्तों के साथ फैजान अलवी थाना सैदनगली के गैंगस्टर एक्ट सम्बन्धी अभियोग में वांछित चल रहा था जो घटना कारित करने के बाद जिला कारागार बिजनौर में वर्तमान में निरुद्ध है। गिरफ्तार हुए तीनों अभियुक्तों के नाम विक्रम सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम भारतल मदापुर थाना हजरतनगर गढ़ी जिला सम्भल, लवी पुत्र भूरे जाटव नि0 मौ0 अम्बेडकर कस्बा व थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल व नदीम पुत्र जमील नि0 ग्राम भारतल मदापुर थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाले टीम में प्र0नि0 मोहित कुमार थाना बनियाठेर, निरीक्षक रामवीर सिंह, निरीक्षक अजीत सिंह, उ0नि0 मनोज वर्मा, उ0नि0 देवेन्द्र कुमार, हे0का0 शमशुद्दीन, हे0का0 विवेक कुमार, सिपाही सचिन कुमार का सहयोग रहा।

# धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष हैदर अली के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को प्रेषित किया है, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस पत्र में बरेली जनमानस की ओर से धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की गई है।

इस बारे जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष हैदर अली ने बताया वह राष्ट्रपति के माध्यम से मांग करते हैं ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह का अपमान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पत्र में कहा गया है कि ख्वाजा गरीब नवाज ने भारत के सभी धर्मों के लिए मोहब्बत का संदेश दिया था, लेकिन कुछ लोग उनकी दरगाह पर उंगली उठाकर सौहार्द को बिगाड़ रहे हैं।

ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

संभल में हुई हिंसा की न्यायिक जांच की मांग की गई है। साथ ही, वहां के सीओ अनुज चौधरी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की भी अपील की गई है। संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों को 50- 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है।

**धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर रोक**

हैदर अली ने कहा कि जो लोग धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए।

**सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक टिप्पणियों के खिलाफ कड़ा कानून**

उन्होंने मांग की कि सोशल मीडिया, फेसबुक और व्हाट्सएप पर किसी भी धर्म के खिलाफ नफरत फैलाने वाले संदेशों पर कड़ा कानून बनाने की मांग की गई है। समाजवादी पार्टी ने इन मुद्दों पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की अपील की है, ताकि भारत की गंगा-जमुना तहजीब और सांप्रदायिक सौहार्द को बचाया जा सके।

ज्ञापन देने वालों में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हैदर अली, हकीम आहिद,राशिद खान,सैय्यद फैज,अब्दुल करीम अल्वी,अक्षय मेसी,अमित कुमार बाबर आस्लम,मोहमद यूनुस,इश्तियाक सकलैनी, सरताज,आरिफ अल्वी, जहीर खान,अश्वनी कुमार,शबाब रजा,शकील अहमद, मो० यूनुस, आमीन खां, रचित शर्मा,बबलू खान,शाहरुख,काशिब, खान ,तौसीफ, ताहिर,शफात खान,इकरार,मोहम्मद आलम आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उ0प्र0 द्वारा नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एक संबोधित ज्ञापन नगरपालिका अधिशासी अधिकारी चन्दौसी को सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में संघ के माध्यम से पालिका कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को एक सप्ताह में निस्तारण कराने की बात रखी गयी। सफाई कर्मचारियों की मुख्य समस्यायें डोर टू डोर कर्मचारियों का 17 दिन का बकाया वेतन तथा 22 माह का ई0पी0एफ का तत्काल भुगतान कराया जाये। रविवार का अतिरिक्त कार्य का भुगतान तत्काल कराया जाये। संविदा का 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता वेतन में लगाया जाये तथा उसका ऐरियर भुगतान कराया जाये। मृतक संविदा सफाई कर्मचारियों का बीमा भुगतान कराया जाये। संविदा सफाई कर्मचारियों तथा आउटसोर्स कर्मचारियों को मौसम के अनुसार वर्दी उपलब्ध कराया जाये। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उनके परिवार को सेवा में लिया जाये तथा बीमा भुगतान कराया जाये। महिला कर्मचारियों से सिर्फ झाडू लगवाने का कार्य ही कराया जाये। संविदा एवं सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान कराया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में नन्दू बाल्मीकि जिलाध्यक्ष, अजय राजवर जिला महामंत्री, सनी कमल, शिवनन्दन आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय स्काउड गाइड शिविर का हुआ शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के हनुमानगढ़ी स्थित जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मन्दिर में चल रहे तीन दिवसीय भारत स्काउड गाइड शिविर के प्रथम दिन जिला संगठन आयुक्त गाइड मीनू सिंह एवं ट्रेनिंग कॉउन्सलर महेश कुमार स्काउट गाइड ट्रेनर ने बच्चों को भारत स्काउट गाइड का इतिहास, विश्व स्काउट गाइड का इतिहास, प्रार्थना, झण्डा गीत, सैल्यूट, प्रतिज्ञा, स्काउट के नियम, इत्यादि विषयों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही शिविर में विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह, प्रभारी सुरेश चन्द्र व्यवस्था प्रमुख जगपाल,प्रवक्ता महेन्द्र प्रताप सिंह एवं रामकिशोर, कपिल आदि सहयोगी आचार्यगण उपस्थित रहे।



# राजस्व कार्यो में बदायूं प्रदेश में तीसरे स्थान पर, मंडल में आया प्रथम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ।** मुख्यमंत्री कार्यालय से सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से माह नवंबर 2024 की हुई राजस्व कार्यों व वसूली आदि की समीक्षा में बदायूँ को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वही बरेली मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने प्रदेश में तीसरी रैंक मिलने पर अधिकारियों को बधाई देते हुए और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कहा है।जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद बदायूं प्रदेश में टॉप 10 में स्थान बनाने में सफल हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा निरंतर राजस्व, विकास व अन्य विभागीय योजनाओ की गहन समीक्षा की जा रही है।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में आवारा पशुओं का मुद्दा गुंजा नौ सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** क्योलडिया । भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत भदपुरा ब्लॉक के परिसर में हुई पंचायत की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हीरालाल गंगवार ने की बैठक में उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बजाज चीनी मिल बरखेड़ा ओसवाल चीनी मिल नवाबगंज ने अभी तक गन्ना का पुराना भुगतान नहीं किया है किसानों को तत्काल भुगतान कराया जाए साथ ही केला डांडी में टंकी के पास सड़क बेहद दयनीय है उसे तत्काल सही कराया जाए साथ ही खेतों में घूम रहे आवारा पशुओं को तत्काल पकड़ा जाए जिससे किसानो की फसल बर्बाद होने से बच सके साथ ही



उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत मिट्टी के कार्य होने के कितने दिन बाद दोबारा मिट्टी कार्य किया जाएगा यह नौ सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी भदपुरा कमल सिंह चौहान को सौंपा इस मौके पर तहसील अध्यक्ष फतेह चंद गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल, दुर्गा प्रसाद, छोटेलाल, सुखलाल ,रविंद्र बाबू , सेवा राम, सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मानवाधिकार दिवस पर सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** अधिकारों की तुलना में कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु आमजन को जागरूक करने वाली संस्था मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में फुब्बारा चौक स्थित महिलाल बिल्डिंग में राजू बनर्जी के आवास पर विचार गोष्ठी के उपरांत पूर्व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी महानुभावों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहां कि हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं के महत्व को समझें तथा उसकी रक्षा करने में अपना योगदान दें साथ ही साथ अधिकारों की तुलना में हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए क्योंकि कर्तव्यों में ही अधिकार निहित है ।प्रदेश संयोजक अशवनी शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों का अर्थ उन सभी अधिकारों से है जो व्यक्ति के जीवनयापन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं ।हरीश कठेरिया ने बताया कि व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्हें संगठन के द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर जागरूक करने का कार्य करना चाहिए जिससे कि वह अपने प्रति हो रहे शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने में सक्षम हो सके। कार्यक्रम अध्यक्ष रहे पूर्व इंस्पेक्टर हरदयाल सिंह ने कहा कि मानवीय मूल्यों का महत्व जितना ज्यादा होगा समाज का निर्माण उतना ही बेहतर होगा।



तुमुल विजय ने कहा कि शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है यह समग्र मानव विकास का समर्थन करती है शिक्षा के जरिए व्यक्ति में विवेक, ज्ञान,समझ और समर्पण की भावना विकसित होती है उचित शिक्षा के माध्यम से ही किसी देश को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम मे सेवनिवर्त्त पुलिस कर्मियों में इंस्पेक्टर हरदयाल सिंह,सब इंस्पेक्टर जय प्रकाश चौहान, गिरीश कुमार शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, हरी सिंह यादव,अरुण कुमार शर्मा, चन्द्रपाल सिंह, सुरेश पाल सिंह, भगवान सिंह व जगदीश राणा रहे। इनके अलावा मानवाधिकार संघ के अनेक पदाधिकारी व सदस्य राजू बनर्जी, दीपचंद गुपयस, विश्वजीत शर्मा, टी एस पाल, दिनेश शर्मा, अमन, हिमांशु, जय शंकर दुबे,अग्निहोत्री, सुमित बनर्जी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रदेश संयोजक अश्विनी कुमार शर्मा ने किया।

# संभल के सिरसी में भारतीय भाषा उत्सव जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल ।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी जनपद संभल में भारतीय भाषा उत्सव जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों ने हिस्सा लिया। मूल्यांकन समिति में एमजीएम डिग्री कॉलेज की श्रीमती अनुभा मिश्रा, राजकीय इंटर कॉलेज तखतपुर गोसाई के श्री फारूक आजमी, हिंद इंटर कॉलेज संभल के श्री उमेश नारायण शर्मा, शामिल थे।



प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज सिरसी प्रथम, जे एल एम इंटर कॉलेज सिरसी द्वितीय, राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन तृतीय, हिंदी इंटर कॉलेज संभल चतुर्थ तथा ब्लूमिंग बड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंचम स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी कुमारी चंचल शर्मा द्वारा किया गया। तराना परवीन, हिना कौसर, कुमारी सबा तबस्सुम, फिरोज, कुमारी शबनम, कुमारी पिंकी, तथा भूकन ने इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# मंडल अध्यक्ष को लेकर एस0एम0 कालिज में हुआ मंथन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** नगर में एस0एम0 डिग्री कालिज में मंडल अध्यक्ष को लेकर भाजपा की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी दिग्गज भाजपा एकत्रित हुये। इससे पूर्व मंडल अध्यक्षों को हटाकर नये मंडल अध्यक्ष चयनित किये जायेंगे। वर्ष 2027 के चुनाव को लेकर सभी पार्टिया सर्तक है। इधर भाजपा भी इसमें कोई कोर कसर नहीं चाहती। जिसके बूटा अध्यक्ष एवं उच्च पदाधिकारियों द्वारा मंडल अध्यक्ष बनाया जायेगा। जिसमें भारतीय जनता पार्टी भी चुनाव के समय कोई कोर कसर नहीं चाहती। बुधवार को एस0एम0 डिग्री कॉलेज में प्राचार्य दानवीर सिंह यादव, मंजू दिलेर सफाई महिला राज्य आयोग सदस्य, डॉ0 टी0एस0पाल, गीता बाल्मीकि, पूर्व एम0एल0सी0 पप्पू चौधरी, वीरेन्द्र यादव, सत्यप्रकाश गुज्जर, डॉ0 विशाल चौहान, अक्षिता शर्मा, रज्जू, गोपाल, रेनू कुमारी आदि लोग मौजूद रहे। बैठक में सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष को लेकर मंथन किया। सैकडों की संख्या में लोग पहुंचे। यहां बताते चले कि विधान उपचुनाव में मिली जीत से उत्साहित भाजपा युवाओं और महिलाओं पर खास फोकस कर रही है। बैठक में मंडल अध्यक्ष के लिए मानक तय किये। भाजपा द्वारा संगठन के लिहाज से सभी छह्यः क्षेत्रों में बांट रखे हैं। बैठक में मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए मानक तय किये गये। मंडल अध्यक्ष के नाम प्रदेश स्तर से तय किये जायेंगे। सभी क्षेत्रों में चुनाव अधिकारियों को हाल में मंडल अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया 15 दिसम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिये हैं। उसी को लेकर 15 दिसम्बर तक पूरे होने हैं। मंडल अध्यक्ष के चुनाव तैयारियों की जगह जगह समीक्षा की जायेगी। मंडल अध्यक्ष के लिए शक्ति केन्द्र स्तर पर विस्तारक तय किये जायेंगे। वह 3 दिन तक स्थानीय स्तर पर प्रवास कर बूथ समितियों का सत्यापन करेंगे।

# आगामी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' को लेकर की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** गुरुवार को श्री नारायण सेवा समिति द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता'24 के संबंध में एक अति आवश्यक बैठक गणेश कॉलोनी स्थित समिति के कैंप कार्यालय पर आहूत की गई जिसमें रविवार को होने वाली परीक्षा के विषय में गहन विचार विमर्श किया गया और व्यवस्था हेतु जिम्मेदारियां दी गईं । अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता अपनी समिति का मुख्य कार्यक्रम है सभी को अपनी जिम्मेदारी पर मुस्तैद रहना चाहिए । डॉ. टी. एस. पाल ने कहा कि रविवार को होने वाली परीक्षा पूरी तैयारी के साथ संपन्न कराना अपना कर्तव्य है ।



व्यवस्थाओं में बृजगोपाल गुप्ता को प्रश्न पत्र संग्राहक, विपिन कुमार गुप्ता को सर्व व्यवस्था प्रमुख, हरीश कठेरिया को प्रमुख निरीक्षण, के. जी. गुप्ता को प्रवेश पत्र व सूची का जांच कार्य, डॉ. टी. एस. पाल को केंद्र पर्यवेक्षक, डॉ. डी. के. अग्निहोत्री को प्रश्न पत्र वितरण, अनु गोयल को निरीक्षण, डॉ. जयशंकर दुबे को प्रश्न पत्र संग्रहण, सुखलेश सिंह को सर्व आपूर्ति का कार्य तथा सचिन शर्मा को केंद्र प्रभारी का दायित्व दिया गया । अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने की तथा संचालन हरीश कठेरिया ने किया ।

टिप्स

## डीएम ने बच्चों से साझा किया अपने अनुभव

# दिए सफलता के टिप्स बच्चे सोशल नेटवर्किंग पर समय ना करें बर्बाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ।** बरेली-मथुरा हाईवे स्थित टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कॉफी पर चर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तरों के जरिए बच्चों को जीवन में समय प्रबंधन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, व कर्मठता के महत्त्व को बताया। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य पर अडिगता से लगे रहने,किताबे पढ़ने व जीवन में काम के प्रति ईमानदार रहने का सन्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया जिलाधिकारी ने बच्चों को सोशल नेट वर्किंग पर समय ना बर्बाद करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने बचपन की यादें बच्चों से साझा की तथा अपने लक्ष्य को पूरा करने में आए संघर्षों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कोई कठिन नहीं होता, जरूरत होती है






ईमानदारी और लगन के साथ कार्य करने की। उन्होंने कहा कि बच्चे यदि बचपन से ही अपने लक्ष्य को तय कर लें तो निश्चित तौर पर सफलता को हासिल कर सकते हैं और मुझे यह उम्मीद है कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी बेहद मेधावी है ,भविष्य में अवश्य अपने सपनों को साकार करने में सफल होंगे।

इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधक शरद बंसल व शिक्षण निर्देशिका शिल्पी बसंल ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य दीपक अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियाँ एवं कर्मनिष्ठता के बारे में जानना बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक अनुभव रहा है। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी रवाना किया गया। प्रचार वाहन को समस्त आवासीय क्षेत्रों में घुमाया जायेगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में दिनांक 14 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हो सके। उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी, कमलेश कच्छल, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, संभल स्थित चंदौसी, अशोक कुमार यादव, अपर सत्र न्यायाधीश, रेप केसेज एण्ड पॉक्सो एक्ट, संभल स्थित चंदौसी, निर्भय नारायण राय, अपर सत्र न्यायाधीश, चंदौसी, आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश, एस.सी.एस.टी. एक्ट, संभल स्थित चंदौसी, रागिनी, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी, मनोज कुमार यादव, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चंदौसी, तुषारिका सिंह, सिविल जज (सी.डि.)/ ए.सी. जे.एम., संभल स्थित चंदौसी,आदित्य सिंह एवं बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष नजर कुरैशी आदि उपस्थित रहे।



# अफहाम-ए-जमां सोसाइटी द्वारा 12 समाज सेवियों को मुजाहिद-ए-मिल्लत स्व0 हाजी सै0 अशरफ हुसैन, एडवोकेट अवार्ड से सम्मानित किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अफहाम-ए-जमां सोसाइटी के संरक्षक नवाब मसूद मीर अब्दुल्लाह की निगरानी में 12 समाज सेवियों को मुजाहिद-ए-मिल्लत स्व0 हाजी सै0 अशरफ हुसैन, एडवोकेट अवार्ड से सम्मनित किया गया जिसमें समाज सेवी वफा अब्बास अध्यक्ष अम्बर फाउण्डेशन को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को दृष्टि में रखते हुए सम्मानित किया गया इसी के साथ खत्ताती की कला के लिए आगा मोहम्मद हसन, अल-खत्तात को और समाज सेवा के लिये श्री महताब आलम, एडवोकेट कानपुर, श्री अमित कुमार शुक्ला, एडवोकेट, उन्नाव, एम०अली मदहोश एडवोकेट, लखनऊ, नागेन्द्र वर्मा एडवोकेट



सीतापुर, एस०आई० सूरज राठी, एस०आई० मुदित राय के अलावा चार पत्रकारों को 'पत्रकार्ता के क्षत्र में उनके योगदान को दृष्टि में रखते हुए सम्मानित किया गया जिसमें आजम हुसैन पत्रकार, दैनिक आग, अख़्तर अंसारी, जमाल मिर्जा, एवं मोहम्मद इकराम हैं। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष सै0 अली मीसम नकवी एडवोकेट, धर्मेन्द्र राजपूत एडवोकेट, यूशा आबिद एडवोकेट, सोसाइटी की महिला प्रभारी श्रीमती मिथलेश सिंह, योगेश मौर्या एडवोकेट, मौलाना मोहम्मद अली शाह, डा० आगा परवेज मसीह, ज़िया उद्दीन खान के अलावा क्षेत्रीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सोसाइटी के अध्यक्ष सै० अली मीसम नकवी एडवोकेट ने किया।

# देश की आंतरिक सुरक्षा में अग्निवीरों को जोड़ना होगा : संजय सेठ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा में अग्निवीरों को जोड़ना समीचीन होगा। वह आज यहां द्वारका स्थित होटल ताज विवांता में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) के 34 वें ग्लोबल कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर आपदा में यही सुरक्षा कर्मी पहुँचते हैं। पुलिस बाद में आती है। रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि चार साल की सेवा के बाद भी अग्निवीर देश की आंतरिक सुरक्षा में सहयोग दे सकता है। उनका सुझाव था कि इस तरह के सेमिनार और प्रदर्शनी का आयोजन छोटे शहरों में भी आयोजित किए जाएं। इससे आम आदमी उनकी जानकारी लेने के बाद उनसे जुड़ने का मन बनाता है। संजय सेठ ने इस अवसर पर आईआईएसएसएम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस संस्थान ने लाखों लोगों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाया है।कार्यक्रम में आईआईएसएसएम के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आर के सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में किस प्रकार चुनौतियों का सामना करते हुए व्यवस्था को बनाकर रखना होता है। उन्होंने कहा कि निजी सुरक्षा सेवा का आधुनिकीकरण करके इसे कारगर बनाया जा रहा है। आईआईएसएसएम के अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस जी एम श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार शुरूआत की जा रही है कि अग्नि वीर अपनी सेवा पूरी करने के बाद हमारे साथ जुड़ सकते हैं और




देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान की पत्रिका 'सुरक्षित संसार' के नये अंक का गणमान्य लोगों ने लोकार्पण किया। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए कई लोगों को अवार्ड और अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

एसआईएस लिमिटेड के सीईओ धीरज सिंह ने सात प्रकार की सुरक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने घोषणा की कि अगले पाँच साल में यह कंपनी अग्नि वीर स्क्वाड का गठन करेगी। इस अवसर पर सुरक्षा विशेषज्ञ जीबी सिंह ने कहा कि पहले समुदायों की सुरक्षा और फिर देश की सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक और जांच के कार्यो में अभी काफी काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम को इजरायल दूतावास के फारेस साइब, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क की शकीला मर्चेंट तथा आईआईएसएसएम के सीईओ प्रो संतोष कुमार समेत कई अन्य लोगों ने संबोधित किया।

# स्त्री के संघर्ष की दास्तान है फिल्म "द रैबिट हाउस" : सुनीता पांधरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** समाज के नियमों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे गहरे मुद्दों को रेखांकित करती है फिल्म "द रैबिट हाउस"। इस बात की जानकारी आज यूपी प्रेस क्लब में

**20 दिसम्बर को होगी अखिल भारतीय स्तर पर रिलीज**

आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिल्म निमार्ता द्वय कृष्णा पांधरे और सुनीता पांधरे ने दी।

सुनीता ने आगे बताया कि गीताई प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म "द रैबिट हाउस" की शूटिंग हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियों में हुई है। उन्होंने आगे बताया कि यह फिल्म एक नवविवाहित महिला की कहानी है, जो विपरीत परिस्थितियों में जूझते अपने पति के साथ एक कठिन शादीशुदा जीवन जी रही है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के लेखक, निर्देशक



और एडिटर वैभव कुलकर्णी हैं, फिल्म आगामी 20 दिसम्बर को अखिल भारतीय स्तर पर रिलीज होगी। सुनीता ने आगे बताया कि इस फिल्म के कार्यकारी निमार्ता हैं कृष्णा पांधरे, डीओपी हैं प्रतीक पाठक, संगीतकार हैं पद्मनाभ गायकवाड़। उन्होंने बताया कि फिल्म "द रैबिट हाउस" की मुख्य भूमिका अमित रियान, करिश्मा, पद्मनाभ गायकवाड़, गगन प्रदीप, प्रीति शर्मा और सुरेश कुम्भार नजर आयेंगे।


# जस्टिस यादव के मामले में सुप्रीम कोर्ट का स्वतः संज्ञान लेना एक सही कदमः दिल्ली मुस्लिम मजलिसे मुशावरत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जस्टिस यादव के विवादास्पद टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के कदम को दिल्ली मुस्लिम मजलिसे मुशावरत के अध्यक्ष डॉ. इदरीस कुरैशी ने कानून की सर्वोच्चता के लिए उठाया गया एक सही कदम बताया। उन्होंने कहा कि एक तो उनका एक ऐसी संगठन की बैठक में शामिल होना ही अनैतिक था, और उस पर मुसलमानों के बारे में इस तरह की टिप्पणी करना न केवल गैर-कानूनी था, बल्कि यह सेवा के सामान्य आचरण के खिलाफ भी था। डॉ. कुरैशी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को इस पर कड़ा कदम उठाना चाहिए, ताकि दूसरे लोग इस तरह की बातें करने से पहले सौ बार सोचें।

डॉ. इदरीस कुरैशी ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार, देश के सभी अल्पसंख्यकों को अपने धर्म के अनुसार आचरण करने की स्वतंत्रता दी गई है। लेकिन वर्तमान सरकार इस अधिकार की परवाह नहीं कर रही और वह कानून को दरकिनार कर निर्णय ले रही है, जो देश को नफरत की आग में धकेलने का काम कर रही है।

जस्टिस शेखर यादव का यह कहना कि "देश बहुसंख्यक वर्ग के अनुसार चलेगा" कितना नफरत भरा बयान है। यह एक कानून के संरक्षक का कहना है, जो बेहद शर्मनाक



है। वह खुद कानून का मजाक उड़ा रहे हैं और खुद को कानून से ऊपर समझ रहे हैं।

डॉ. कुरैशी ने कहा कि देश के सभी शांतिप्रिय और न्यायप्रिय लोगों को इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए, तभी देश को विनाश से बचाया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐसे लोगों के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम होगा, जिसे इतिहास में याद रखा जाएगा।

जारी किया गया ।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सवः संस्कृति विभाग द्वारा भोजपुरी लोक गीत की प्रस्तुति दी गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक रंगमंच पर

**काहे लाए हो झुमका उधार बलमा.. लोक गीत प्रस्तुति देकर नूतन पाण्डेय ने बांधा समां**

संस्कृति विभाग लखनऊ के कलाकारों ने लोकगीत गाकर सांस्कृतिक संध्या का आरंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से नूतन पांडे ने किया। बांध के पिरितिया के डोर.... । ले ले अहिया बजरिया से चुनरी...। काहे लाए हो झुमका उधार बलमा.... आदि भोजपुरी लोक गीत की प्रस्तुति देकर नूतन पाण्डेय ने बांधा समां। कार्यक्रम के अगले सोपान में संस्कृत विभाग के सुरेश प्रसाद कुशवाहा ने भोजपुरी अवधी गीतों का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कौने रहिया आवे माई के.... देवी गीत की प्रस्तुति दी। "पांव में पायलिया सोहे हाथों में कंगनवा, माथे की बिंदिया हमरे देश का निसनवा"....की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मोहित किया। पटना से बैदा बुलाएदा.. गायिका जया ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।







वही अनिका फिल्म एंड एंटरटेनमेंट के फाउंडर नीरज श्रीवास्तव के संयोजन में अनिका, आराध्या, आर्यन भट्ट, शुभ ने नृत्य प्रस्तुत किया। शगुन सक्सेना और साहिल ने जोरदार गीत प्रस्तुत किया। अपनी खनकती आवाज में रॉकस्टार सेलिब्रिटी प्रदीप शुक्ला सूफी सांग से सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। अगले क्रम में चारु काव्यांगन की संस्थाध्यक्ष व संचालक डॉ रेनू द्विवेदी के संयोजन में कवि सम्मेलन की प्रस्तुति पुस्तक लोकार्पण कृति.. जबाँ पर जंग कृतिकार..प्रशांत पांडेय कार्यक्रम अध्यक्ष ..डॉ दिनेश चंद्र अवस्थी मुख्य अतिथि..डॉ अनिल मिश्र विशिष्ट अतिथि.. डॉ शरद पांडेय "शशांक" विशिष्ट अतिथि..डॉ वी बी पांडेय मुख्य वक्ता...डॉ शोभा दीक्षित "भावना" वक्ता..श्री हरिमोहन वाजपेई "माधव सरस्वती वंदना..निवेदिता पांडेय आयोजक..विनोद कुमार द्विवेदी व आमंत्रित कवि डॉ सुधा मिश्रा,डॉ निर्भय नारायण गुप्त,मनमोहन बाराकोटी,नीतू सिंह चौहान,प्रतिभा श्रीवास्तव,राजीव वत्सल,नीतू आनंद,रश्मि श्रीवास्तव,सरोज बाला सोनी, गोविंद यादव,प्रतिभा श्रीवास्तव,एवम प्रमोद श्रीवास्तव ने काव्य रचनाएं पढ़ी। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के रनवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया, मनोज सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे । प्रदीप शुक्ला और मनीष पंडित ने मंच का संचालन किया गया।

# सीनियर कैडर कोर्स 03 की समाप्ति परेड ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ में आयोजित की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** सीनियर कैडर कोर्स के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के भाग के रूप में ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज, लखनऊ में 11 दिसंबर 24 को कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। इस दौरान 90 कोर्स गैर-कमीशन अधिकारी (एनसीओ) जिन्हें ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षित किया गया था और आनेवाले समय में उच्च पद ग्रहण करेंगे, इस परेड में भाग लिया।

इन बहादुर सैनिकों को दिए गए सैन्य प्रशिक्षण ने उनके मनोबल, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ाया है, जिससे वे सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के मूल्यों और लोकाचार के साथ जूनियर नेतृत्व की भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने के लिए तैयार हो गए हैं। सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित इस परेड की समीक्षा मेजर जनरल पराग ए देशमुख, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज द्वारा की गई। 303 फील्ड अस्पताल के हवलदार (स्वास्थ्य सहायक) अग्गू विट्ठल को पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए नायक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी एवं लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन



कैश अवॉर्ड के रुप में 2500/- रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पाठ्यक्रम को संबोधित करते हुए, समीक्षा अधिकारी मेजर जनरल पराग ए देशमुख ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और परेड के सावधानीपूर्वक संचालन के लिए उनकी सराहना की।

जनरल ऑफिसर ने इस तथ्य पर फिर से जोर दिया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा क्षेत्र और शांति में हमारे सैनिकों की गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें पेशेवर क्षमता के उच्चतम क्रम को बनाए रखते हुए कोर की परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। परेड के दौरान कोर्स एनसीओ के रिश्तेदार, मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी) और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स कोर्स (एसएनओसी) के कोर्स अधिकारी मौजूद थे ।

# कानपुर में एसीपी ने किया आई आई टी छात्रा से रेप : सीपी ने दिए एफ आई आर के आदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण करने के मामले में कानून के रखवाले कहे जाने वाले पुलिस वाले भी पीछे नहीं है। ऐसा ही प्रकाश में आया एक मामला यहां पुलिस विभाग में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसके मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने आईआईटी की छात्रा के साथ बलात्कार कर डाला। आरोपों की जांच कराने से घटना की सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एसीपी अनवरगंज मोहसिन खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जांच के लिए पहुंची डीपी और एसीपी को पीड़िता ने बताया कलेक्टरगंज एसीपी मोहसिन खान आई आई टी से साइबर क्राइम और क्रिमिनोलॉजी की पढ़ाई कर रहे हैं। वहां रिसर्च स्कॉलर से नजदीकी बढ़ गई और प्यार में फंसाने में सफल होने के बाद उससे बलात्कार किया। इसी दौरान जब पीड़िता के सामने एसीपी के शादीशुदा होने के साथ अन्य सच्चाई सामने आ ई तो उसने कानपुर पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।उनके आदेश आज गुरुवार को डीसीपी साउथ अंकित शर्मा और एसीपी अर्चना सिंह ने सिविल ड्रेस में दो घंटे बंद कमरे में पीड़िता से पूछताछ की। जिसमें एसीपी पर लगाया गया उसका आरोप सही पाया गया। फिलहाल एसीपी को उसके पद से हटाने के साथी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने आरोपी एसीपी के खिलाफ बलात्कार समेत और गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। घटना पुलिस महकमे में में भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

**प्रेसवार्ता**

## भाजपा के कुशासन के खिलाफ कांग्रेस करेगी विधानसभा घेराव : अजय राय

# बिजली कंपनियों का निजीकरण आम उपभोक्तओं को गहरी चोट : अराधना मिश्रा मोना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य) ।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, पूर्व मंत्री मो0 मोईद अहमद, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, निवर्तमान प्रदेश महासचिव, प्रभारी संगठन अनिल यादव, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह, महिला कांग्रेस पूर्वी जोन की निवर्तमान अध्यक्ष शहला अहरारी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, आदि मौजूद रहे।प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उ0प्र0 कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश की जनता योगी सरकार के कुशासन से त्राहि-त्राहि कर रही है। सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और अपनी नाकामी छुपाने के लिए सिर्फ धार्मिक तुष्टिकरण की नीति अपना रही है।श्रीमती मोना ने कहा कि आम जनमानस की हर समस्या का योगी सरकार के पास केवल एक जवाब है हिंदू मुसलमान। भाजपा द्वारा आए दिन कोई ना कोई धार्मिक उन्माद फैलाने वाला एजेंडा सेट किया जाता है ताकि सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डाल सके। मगर कांग्रेस पार्टी संकल्पित है सरकार की हर नाकामी से पर्दा उठाने के लिए। हम सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे और सरकार को मजबूर करेंगे जनता की आवाज सुनने के लिए। हम 18 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करेंगे और इस सोती सरकार से जवाब मांगेंगे। श्रीमती मोना ने कहा कि चंद गुजराती कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी बिजली कंपनियों का निजीकरण किया जा रहा है। वह भी तब जब आगरा और ग्रेटर नोएडा में बिजली का निजीकरण बुरी तरीके से असफल हो चुका है। अगर आगरा की बात





करें तो वहां की बिजली व्यवस्था टोरेंट पावर को दी गई ।निजीकरण के करार के अनुसार पावर कॉरपोरेशन टोरेंट पावर को बिजली देता है। वर्ष 2023 24 में पावर कारपोरेशन ने 4.36 प्रति यूनिट की दर से 2300 मिलियन यूनिट बिजली दी।उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन ने यह बिजली 5.55 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदी। इस प्रकार पावर कारपोरेशन को वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 275 करोड रुपए की क्षति हुई। दुर्भाग्य यह है कि जनता को महंगी बिजली ही मिल रही है और फायदा निजी कंपनियों को हो रहा है। सिर्फ और सिर्फ गुजराती कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार सारा कुचक्र रच रही है। श्रीमती मोना ने कहा कि देश के अन्नदाता किसानों के साथ इस सरकार ने सबसे सौतेला व्यवहार किया है। भाजपा सरकार द्वारा उनके हित में कोई कार्य नहीं किया गया बल्कि उनकी परेशानियों में इजाफा किया है। अभी बुवाई के समय किसानों के समक्ष डीएपी की किल्लत पैदा की गई और फिर उसकी कालाबाजारी हुई। किसान रोता रहा, परेशान होता रहा, मगर उसे मजबूर किया गया महंगी खाद खरीदने के लिए।श्रीमती मोना ने कहा कि सरकार ने कहा था कि किसानों का बिजली का बिल माफ किया जाएगा। माफी तो छोड़िए बिजली के बिल बढ़े हुए आ रहे हैं गन्ना किसानों का 7000 करोड़ से ऊपर रुपया बकाया है । श्रीमती मोना ने कहा कि ठंड शुरू हो गई है और अभी तक प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मोजे और स्वेटर नहीं मिले हैं। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश की लगभग सभी सड़के टूटी हुई हैं और खस्ताहाल है। 100 से अधिक पुल अधूरे पड़े हैं और अभी कुछ दिन पहले बरेली में एक अधूरे पुल से गिरकर तीन युवकों की मौत हो गई है। रोज कोई ना कोई बड़ा एक्सीडेंट हो रहा है और सरकार ने सड़क सुरक्षा पर कोई जमीनी कार्य नहीं किया है।उन्होंने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में कोर्ट के यह कहने के बाद की 1994 के आरक्षण नियमों का पालन नहीं हुआ फिर भी सरकार पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को उनका हक देने के लिए तैयार नहीं है। हजारों युवा पिछले 5 साल से लखनऊ की सड़कों पर अपने जायज हक के लिए संघर्षरत हैं । श्रीमती मोना ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थय व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है। प्रदेश के अधिकतम सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक केंद्रों पर दवाईयां उपलब्ध नहीं है। जिले के अस्पतालों को दिखाने के लिए मेडिकल कॉलेज में तब्दील कर दिया गया है, मगर सुविधाओं में कोई विस्तार नहीं किया गया है। आज भी यह अस्पताल मरहम पट्टी से अधिक कुछ नहीं कर सकते। राजधानी लखनऊ के सभी अस्पतालों में आंख के ग्लूकोमा जैसे सामान्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है ।श्रीमती मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश जंगल राज में परिवर्तित हो गया है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं। अपहरण की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है अभी कुछ दिन पहले अभिनेता मुश्ताक खान और हास्य कलाकार सुनील पाल के अपहरण ने पूरे प्रदेश को शर्मिंदा किया है। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने कहा कि उक्त सभी आमजनमानस की समस्याओं का योगी सरकार के पास सिर्फ एक हल है हिंदू मुसलमान, हिंदू मुसलमान और हिंदू मुसलमान। श्री राय ने कहा कि बहराइच से लेकर संभल तक, मथुरा से लेकर काशी तक रोज कोई ना कोई ऐसा मुद्दा छेड़ दिया जाता है जिससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो, सामाजिक विद्वेष बढ़े और भोली-भाली जनता इसी नफरत की लड़ाई में उलझ कर रह जाए।

# राष्ट्रीय लोकदल के प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने की प्रेस वार्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुये नव मनोनीत प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा मुझे प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष के दायित्वों के निर्वहन




की जिम्मेदारी सौंपी है जिसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊँगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से पूरे प्रदेश में अधिवक्ता साथी, डॉक्टर, इंजीनियर एवं अन्य प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने का अभियान चलाया जायेगा। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयंत चैधरी एन0डी0ए0 सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के माध्यम से उ0प्र0 ही नहीं पूरे देश में युवाओं को रोजगार के नये अवसर मुहैया करा रहे हैं। प्रोफेशनल मंच का उद्देश्य भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और नीतियों को प्रदेश के प्रोफेशनल लोगों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाना होगा।

श्री पटेल ने कहा कि अधिवक्ता साथियों के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, 60 वर्ष से अधिक अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, निशुल्क मेडिकल सुविधा, मा0 सर्वोच्च न्यायालय तथा मा0 उच्च न्यायालय की तर्ज पर जिला कलेक्ट्रेट एवं तहसील स्तर पर समुचित चिकित्सा व्यवस्था, विधि स्नातक का भी एक एम0एल0सी0 हो जिससे अधिवक्ताओं की बात सदन तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इस सभी मुद्दों को सरकार के बीच में रखा जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान भी इसी मंच के माध्यम से करने का प्रयास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल मंच के माध्यम से शिक्षकों, प्रोफेसरों व अन्य प्रोफेसर लोगों के लिए नई नियमावली से उत्पन्न वेतन विसंगतियां या अन्य कोई समस्या होगी तो हम लोग राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच के माध्यम से उन समस्याओं को सरकार के बीच में ले जाएंगे और उनके निदान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0.एल0 प्रेमी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, सदस्य कार्यकारिणी सुमित सिंह भी मौजूद रहे।

# रुहेलखंड में शीतलहर का प्रकोप शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली/बदायूं** । रुहेलखंड में शीत लहर का प्रकोप शुरू हो गया है। बुधवार को चटक धूप खिली, लेकिन सर्द हवा से लोग ठिठुरते रहे। मौसम विभाग ने इस सप्ताह शीतलहर चलने का अनुमान जताया है। बरेली में बुधवार को मौसम साफ होने से चटक धूप निकली, लेकिन पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। दिन में चटक धूप खिली, फिर भी सर्द हवा से बेअसर रही। शाम को फिर से गलन ने डेरा डाला तो ठिठुरन बढ़ गई। सर्दी से बचने के लिए जगह जगह अलाव जलते नजर आए।

उधर आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र ने पहाड़ों की सर्द हवा के प्रवेश से बुधवार से रात और दिन दोनों पहर ठिठुरन का एहसास होने का अनुमान जताया है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की बात कही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में न्यूनतम पारा पांच डिग्री लुढ़कर सामान्य स्तर पर 5.6 डिग्री और अधिकतम पारा एक डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर 21.3 डिग्री दर्ज किया गया। इस सप्ताह शीत लहर का प्रकोप जारी रहेगा।

**बदायूं: सुबह से निकली धूप, नहीं मिली सर्दी से राहत**

बदायूं जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम 9.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, जो मंगलवार की अपेक्षा न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान में ज्यादा अंतर नहीं है।

# सिंचाई खंड की बैठक : अफ़जलगढ़ सिंचाई खंड के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी, किसानों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण हो : मास्टर धर्मपाल सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )** 'सिंचाई खंड की बैठक का आयोजन सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई की अध्यक्षता और नलकूप खंड के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार गुप्ता के संचालन में आयोजित की गई जिसमें उमरी रजवाहा को छोड़कर सभी नहरो में पानी टेल तक पहुंच जाने की जानकारी दी गई बताया गया की उमरी रजवाहा की स्कैनिंग के चलते अभी उसमें पानी नहीं दिया गया है' बैठक में लगभग आधा दर्जन नलकूपों के खराब होने की जानकारी दी गई और जल्द ही उन्हें ठीक कराकर संचालित करने का



भरोसा दिलाया गया बताया गया कि अफजलगढ़ सिंचाई खंड से किसी अधिकारी या कर्मचारी के ना आने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया 'बैठक में मास्टर धर्मपाल सिंह ने किसानों की समस्याओं के तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए।किसान रामेश्वर सिहँ, सुमन उर्फ सोनू काँठ, नजीर अहमद कुरेसी गढ़ी आदि की समस्याओं का निवारण शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में सहायक अभियन्ता नलकूप प्रथम कु० पूजा, सहायक अभियन्ता श्रद्धा, राकेश कुमार स०अभियन्ता जितेन्द्र कुमार, जिला कृषि आधिकारी प्रतिनिधि विजय पाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत आशीष कुमार पाल, गोपाल सिंह जेई बाढ खण्ड आदि उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत उमरी कला में हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत ऊमरी कलां में गुरुवार को चेयरमैन मोहम्मद उसमान अली के द्वारा कैंप कार्यालय मंगल के बाजार में तीर्थंकर महावीर अस्पताल मुरादाबाद का हेल्थ कैंप लगवाया गया जिसमें सभी तरह की



जांच, सभी बीमारियों के डॉक्टर्स मौजूद रहे सभी तरह के ऑपरेशन हेतू भी लोगो को जानकारी दी गई, जिस किसी को आपरेशन कराना पड़ता है तो ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा' इस अवसर पर चेयरमैन ऊमरी कलां मोहम्मद उसमान अली की अध्यक्षता में कैंप सफल रहा। शिविर में अनेक मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद उसमान अली , डॉ० मोहम्मद अफजल, डॉ० ऋषभ जैन , डॉ० दिव्यांशी पालविया , डॉ० तनु , डॉ० धैर्य चौहान सहित पूरा नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित रहा।

# राष्ट्रपति ने मिलक अमावती की प्रधान गार्गी चौधरी को किया सम्मानित, सम्मानित होने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद जनपद की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की प्रधान गार्गी चौधरी को बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्बन न्यूट्रल ग्राम पंचायत पुरस्कार से सम्मानित किया। देश में उनकी ग्राम पंचायत को तीसरा स्थान मिला है। उन्हें यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण के अलावा स्वच्छता, जल संरक्षण और हरित विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए दिया गया है। देशभर में यह गांव आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में जाना जाता है।

दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय पंचायतराज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री पंचायतीराज एसपी सिंह बघेल के हाथों सम्मान पाकर गार्गी चौधरी ने देशभर में मुरादाबाद का नाम रोशन किया है। ग्राम पंचायत मिलक अमावती प्रदेश की इकलौती ग्राम पंचायत है, जिसे यह सम्मान मिला है। इससे पहले भी इस ग्राम पंचायत को



कई पुरस्कार मिल चुके हैं। गांव की कोई भी सड़क कच्ची नहीं है। प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के साथ ग्राम पंचायत में चार प्राथमिक विद्यालय भी हैं। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों की घोषणा के बाद से ग्राम पंचायत मिलक अमावती ने मुरादाबाद के गौरव को देश में और बढ़ा दिया है।

उन्होंने बताया कि वह अप्रैल 2021 से इस ग्राम पंचायत की प्रधान हैं। इससे पहले दिसंबर 2015 में उनके देवर सुभाष सिंह प्रधान निर्वाचित हुए थे। उन्होंने भी गांव में काफी विकास कार्य कराया। वर्ष 2021 में महिला सीट होने पर वह चुनाव लड़ीं और निर्वाचित हुईं।

इस पुरस्कार के लिए उन्होंने मई में आवेदन किया था। पूरे देश से 1.99 लाख ग्राम पंचायतों ने आवेदन किया था। जिसमें प्रदेश भर में सिर्फ उनकी ग्राम पंचायत को चुना गया है।

# चेतरामपुर में अज्ञात लोगों द्वारा गुफरान की गला दबाकर की हत्या, पुलिस ने अनेक लोगों से की पूछताछ शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** 'थाना छजलैट क्षेत्र के गांव चेतरामपुर में बीती देर रात बैठक पर सो रहे युवक की हत्या कर दी गई 'इस मामले में पुलिस ने मृतक के पिता के कहने पर परिवार के कुछ लोगों से पूछताछ शुरू की है। चेतरामपुर गांव में एहसान का परिवार रहता है बताया गया



कि रोजाना की तरह रात को एहसान और उसका बेटा गुफरान बैठक में सोए हुए थे आधी रात के वक्त कुछ नकाबपोश लोग बैठक में आए और एहसान को चारपाई पर बांध दिया दूसरी चारपाई पर सो रहे उसके बेटे गुफरान की डंडे से गला दबाकर हत्या कर दी। एहसान ने आवाज लगाई तो परिवार के लोग इकट्ठे हो गए सूचना देने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची बताया गया कि एहसान ने इस हत्या के पीछे अपने ही भतीजे का हाथ बताया तो पुलिस ने शक के आधार पर परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी ग्रामीणों का कहना था कि मृतक सीधा-सादा युवक था और उससे गांव के किसी व्यक्ति को कभी भी किसी प्रकार के नुकसान की आशंका भी नहीं थी। कुल मिलाकर पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था गुरुवार को गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्दे खाक भी कर दिया गया मगर गुफरान की हत्या को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक: कार्यशैलियों में सुधार लाएं सीडीपीओ : डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** कुपोषित बच्चों के साथ उनके परिवार के सदस्यों का भी पूरा ब्योरा तैयार हो और साथ में बच्चों के भोजन संबंधी आदतों एवं व्यवहार पर नियमित रूप से नजर रखी जाए। यह निर्देश डीएम अनुज सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पोषण समिति और बाल विकास की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जनपद के सभी सीडीपीओ की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। कहा कि बाल विकास संबंधी योजनाओं पर ठीक तरह से कार्य नहीं हो रहा है। इसमें सुधार लाया जाना आवश्यक है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर इस्तेमाल हो रहे बर्तन तक जांच हो।बैठक में एनआरसी एडमिशन, ई- कवच पोर्टल पर विभिन्न सूचकांकों की स्थिति, कुपोषित बच्चों की मॉनीटरिंग, ऑपरेशन कायाकल्प और पुष्टाहार एवं बाल विकास संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सीडीओ सुमित यादव, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, एसीएमओ, डीपीआरओ, समस्त चिकित्साधिकारी व सीडीपीओ समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्थाई समिति की बैठक , डॉ. वी.एस.चौहान ने मुरादाबाद में 100 बेड के अस्पताल की मांग उठाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की स्थायी समिति की 234वीं बैठक नई दिल्ली स्थित मुख्यालय, पंचदीप भवन में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे, प्रारूप वार्षिक रिपोर्ट एवं विश्लेषण और वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित प्राक्कलन (एस्टिमेशन) पर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ बी एस चौहान ने प्रमुखता से ईएसआई अस्पताल ग्रेटर नॉएडा और 100 बेड के




मुरादाबाद ईएसआई हॉस्पिटल की मांग को उठाया और समिति से जल्द दोनों मांगों पर एक्शन लेने का अनुरोध किया ।

# टीएमयू फिजियोथैरेपी की नोवेलिया में हुनर के रंग


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की फ्रेशर पार्टी नोवेलिया २०२४- नव विद्यार्थी आगमन समारोह में रैंप वाक, नृत्य, सिंगिंग, क्लैप बॉक्स, गिटार और पियानो पर

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की फ्रेशर पार्टी में बीपीटी की भूमि आहाले मिस तो स्नेहिल जायसवाल चुने गए मिस्टर फ्रेशर फिजियोथैरेपी, स्टार ऑफ द ईवेंट के खिताब से नवाजे गए रजत चौधरी**

स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। बीपीटी के स्नेहिल जायसवाल को मिस्टर फ्रेशर और भूमि आहाले को मिस फ्रेशर फिजियोथैरेपी चुना गया। बीपीटी प्रथम वर्ष के स्टुडेंट रजत चौधरी को स्टार ऑफ द ईवेंट के








खिताब से नवाजा गया। इससे पूर्व एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल ने बतौर मुख्य अतिथि, एसोसिएट डीन पीएचडी सेल डॉ. ज्योति पुरी, कॉर्डिनेटर कंसल्टेंसी डॉ. सतेंद्र आर्य ने बतौर विशिष्ट अतिथि, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके रिद्धि-सिद्धि भवन में फ्रेशर पार्टी नोवेलिया २०२४ का शुभारम्भ किया। फ्रेशर पार्टी में फैकल्टीज- श्री हरीश शर्मा, श्री नंद किशोर शाह, मिस सोनम निधि, मिस कामिनी शर्मा, मिस प्रिया शर्मा, श्रीमती शिप्रा गंगवार, श्रीमती हिमानी, मिस नीलम चौहान, श्री रंजीत तिवारी, मिस मुस्कान जैन के संग-संग बीपीटी और एमपीटी के ४२१ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी मिस समर्पिता सेनापति ने किया। बीपीटी प्रथम वर्ष के स्टुडेंट्स- आयशा, आर्यन पांचाल, गरिमा, भूमि आहाले, अनिकेत जैन, शिखा जैन, काव्या जैन, रजत चौधरी, ऋषभ जैन, हर्ष जैन, रितिका, आयुषी जैन, मुकेश जैन, स्नेहिल जयसवाल, स्पर्श गुप्ता, परिधि, वंशिका, मुस्कान आदि ने रैंप वॉक का प्रदर्शन किया। प्रथम वर्ष की मुस्कान माली और तनीषा ने वेलकम डांस की प्रस्तुति दी। स्टुडेंट्स अनिकेत जैन और भूमि ने सोलो, आयुषी जैन और मुकेश ने कपल, परिधि, वंशिका, स्नेहिल ने सामूहिक नृत्य से अपनी कला को प्रस्तुत किया। संगीत में प्रथम वर्ष से अंशिका सेरावत, निष्ठा जैन, महक तारीख, द्वितीय वर्ष से जतिन त्यागी ने गिटार और साहिल जैन ने कीबोर्ड के संग बॉलीवुड के गाने- प्यार हुआ इकरार हुआ..., हो गया है तुझको तो प्यार सजना... आदि को गाकर खूब वाह वाही लूटी। एमपीटी थर्ड सेमेस्टर की आकृति और पूजा ने बॉलीवुड गाने पर नृत्य का प्रदर्शन किया। अंत में सभी स्टुडेंट्स डीजे पर जमकर थिरके ।

# हरथला में शिव महापुराण कथा का हुआ समापन, बिश्नोई समाज के 29 नियम मानव कल्याण के लिए: प्रदीप सिन्हा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिश्नोई मंदिर हरथला में आयोजित शिव महापुराण कथा का आज समापन हो गया' गुरुवार को प्रदीप सिन्हा उर्फ बबली एडवोकेट (अध्यक्ष बार एसोसिएशन मुरादाबाद) अपने एडवोकेट साथियों के साथ प्रदीप कुमार बिश्नोई एडवोकेट (पूर्व अध्यक्ष विश्नोई सभा उत्तर प्रदेश) के आग्रह पर कथा में पहुंचे, जहां उन्होंने बिश्नोई समाज के वृक्षों के बलिदान की प्रशंसा की और बताया कि बिश्नोई समाज के 29 नियम मानव मात्र के कल्याण के लिए हैं। उन्होंने स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज





का विशेष आभार प्रकट किया जो न केवल बिश्नोई समाज अपितु हिंदू समाज के भी पथ प्रदर्शक हैं ।स्वामी राजेंद्रानंद जी द्वारा अध्यक्ष के पधारने पर आशीर्वाद प्रदान किया गया और धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। कथा के संयोजक श्री प्रवेंद्र बिश्नोई ने सभी आगंतुक अधिवक्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वामी राजेंद्र जी महाराज और प्रदीप बिश्नोई द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

# देवेंद्र कुमार पांडेय बने मुरादाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थ नगर देवेंद्र कुमार पांडेय मुरादाबाद के नए जिला विद्यालय निरीक्षक बने हैं। मुरादाबाद में




डीआईओएस का पद डॉ. अरुण कुमार दुबे के सेवानिवृत्त होने पर खाली चल रहा था। इसकी वजह से अभी तक यह जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार संभाल रहे हैं। नए जिला विद्यालय निरीक्षक शीघ्र चार्ज ग्रहण करेंगे ।

# सचिन माहेश्वरी ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुल सचिव शशि भूषण ने बताया कि माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश की स्वीकृति उपरान्त उच्च शिक्षा अनुभाग-1, उ0प्र0 के आदेश दिनांक 03 दिसम्बर 2024 के द्वारा प्रो0 सचिन माहेश्वरी को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद का अतंरिम (प्रथम) कुलपति के पद पर नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में प्रो0 सचिन माहेश्वरी ने विश्वविद्यालय के कुलपति का आज कार्यभार ग्रहण कर लिया । प्रो. सचिन माहेश्वरी के मुताबिक सबसे पहले विश्वविद्यालय के पूरे स्वरूप को समझना होगा। इसके बाद नया सत्र समय से शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा। विश्वविद्यालय को शैक्षणिक और शोध में श्रेष्ठ बनाने की उनकी कोशिश रहेगी। शिक्षा के विकास के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को सकारात्मक वातावरण देने का प्रयास करेंगे। एनईपी के क्रियान्वयन की चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि कोई भी योजना देश को आगे ले जाने के लिए बनती है। विद्यार्थियों में सीखने की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए यही प्राथमिकता रहेगी कि विद्यार्थी अपने कॅरिअर को



नया आयाम दे सकें। विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों में पठन-पाठन का स्तर बेहतरीन बनाएंगे। जिससे बाहर के विद्यार्थी भी विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आने को प्रेरित होंगे।प्रो. सचिन माहेश्वरी एनआईटी में राष्ट्रपति के नामित सदस्य हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी संकाय के डीन रह चुके हैं। उन्होंने कक्षा दस महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज आगरा, कक्षा 12 गवर्नमेंट जुबली इंटर कॉलेज लखनऊ, इंजीनियरिंग इलाहाबाद, एमटेक आईआईटी रुड़की और पीएचडी आईआईटी दिल्ली से की है। प्रो. सचिन माहेश्वरी मूलरूप से जनपद हाथरस के गांव जरेरा के रहने वाले हैं' बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठनेता एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के पहले कुलपति का कार्यभार ग्रहण करने पर प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी को बधाई दी है ।

**निर्देश** | **एक केंद्र प्रभारियों को हटाने के दिए निर्देश**

# संभागीय खाद्य नियंत्रक को धान केंद्र के निरीक्षण में मिलीं खामियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** रीजनल फूड कमिश्नर (संभागीय खाद्य नियंत्रक) ने धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई स्तर पर खामियां पाईं गई। मोढीहजरतपुर पीसीएफ संस्था केंद्र के निरीक्षण के दौरान केंद्र पर धान खरीद का बैनर तक नहीं लगाया गया था और न ही कोई व्यवस्था की गई थी।

इस पर सचिव और पीसीएफ डीएस से जवाब तलब किया गया। केंद्र पर स्टॉक के रखरखाव में भी अंतर पाया गया, जिसपर एसडीएम कांठ को निर्देशित किया गया कि स्टॉक का मिलान कर इसकी जानकारी उपलब्ध



कराएं और साथ ही केंद्र प्रभारी को हटाने की कार्रवाई की जाए।

रीजनल फूड कमिश्नर शैलेश कुमार और डिप्टी आरएमओ विनीता मिश्रा ने किसानों को क्रय केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेने के लिए केंद्रों का निरीक्षण किया। कांठ मंडी में स्टॉक और खरीद रजिस्टर की जांच करने,

कांठ धान क्रय केंद्र के प्रभारी को हटाए जाने के निर्देश दिए'

केंद्र प्रभारी सुनील त्यागी को निर्देशित किया कि मंडी समिति में धान बेचने आए किसानों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने धान खरीद के बारे में भी जानकारी ली, बताया गया कि अब तक 30 हजार क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। इसके बाद ठाकुरद्वारा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां सभी अभिलेख सही मिले। इसके बाद ठाकुरद्वारा की तीन राइस मिल का निरीक्षण किया। यहां कमी पाए जाने पर राइस मिलों का हिदायत दी।

# अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रृति गंगवार ने भाजपा नेताओं का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की बेटी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रृति गंगवार ने भारत सेवा ट्रस्ट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय शाक्य, जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह के बरेली पहुंचने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया इस मौके पर बिथरी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, फरीदपुर विधायक डॉ श्याम बिहारी, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिला सहकारी बैंक बरेली अध्यक्ष डृ वीरेंद्र गंगवार वीरू, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, बरेली जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, डॉ विनोद पागरानी, मंडल अध्यक्ष सुक्खन, महानगर अध्यक्ष



अधीर सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख भूपेन्द्र कुर्मी, जिला महामंत्री वीरपाल सहित काफी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# फिल्म बागी 4 में नजर आएंगी अभिनेत्री सोनम बाजवा, टाइग श्रॉफ के साथ बनी जोड़ी

पिछले लंबे समय से अभिनेता टाइगर श्रॉफ अपनी आगामी फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह साल 2016 में आई फिल्म बागी की चौथी किस्त है।इस फिल्म के लिए टाइगर ने एक बार फिर निमार्ता साजिद नाडियाडवाला से हाथ मिलाया है।बीते दिन निमार्ताओं ने संजय दत्त का फिल्म की स्टार कास्ट में स्वागत किया था, वहीं अब खबर आ रही है कि सोनम बावजा भी बागी 4 की टीम में शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बागी 4 में मुख्य भूमिका निभाने के लिए निमार्ताओं ने सोनम से संपर्क किया है।कहा जा रहा है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है।वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। सोनम बागी 4 में टाइगर के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।बागी 4 के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्होंने भजरंगी और वेधा जैसी कन्नड़ फिल्मों का निर्देशन किया है। साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निमार्ता हैं।इस फिल्म को 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बागी 2016 में रिलीज हुई थी, वहीं इसका सीक्वल 2018 में और तीसरा भाग 2020 में आया था।बता दें कि सोनम इन दिनों हाउसफुल 5 की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म 6 जून, 2025 को रिलीज होगी।

# फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी की फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा, साल 2025 की पहली तिमाही में होगी शूटिंग?



अमर सिंह चमकीला की सफलता के बाद अब भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निमार्ता इम्तियाज अली अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया है।इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता फहाद फासिल बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं।

इस फिल्म में फहाद की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब फहाद और तृप्ति की आने वाली फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फहाद और तृप्ति की आगामी फिल्म का नाम इडियट्स ऑफ इस्तांबुल रखा गया है।यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।

इन दिनों इम्तियाज फिल्म की कहानी लिख रहे हैं।बता दें कि लैला मजनू के बाद इडियट्स ऑफ इस्तांबुल तृप्ति और इम्तियाज के बीच दूसरा सहयोग होने वाला है, वहीं फहाद पहली बार इम्तियाज के साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।बता दें कि फहाद मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता हैं। उन्होंने मालिक, विक्रम, आवेशम और वेट्टैयान जैसी फिल्मों में काम किया है। इन दिनों वह फिल्म पुष्पा 2: द रूल को लेकर चर्चा में हैं।

# जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर आउट, विधु विनोद चोपड़ा ने दिखाई शानदार सिनेमाई सफर की झलक

विक्रांत मैसी स्टारर मोस्ट अवेटेड जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर आउट हो चुका है। विधु विनोद चोपड़ा ने दर्शकों को 2 मिनट 9 सेकंड के ट्रेलर में शानदार सिनेमैटिक एक्सपीरियंस की झलक दिखाई है। जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर बेहद शानदार है, जो कहानी से पहले की कहानी की एक झलक पेश करता है।

इस बात में कोई शक नहीं है कि 12वीं फेल के बाद विधु विनोद चोपड़ा एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने को तैयार हैं। कई ट्विस्ट, दिल को छू लेने वाले इमोशन्स, कॉमेडी और एंटरटेनिंग ड्रामे से भरपूर, ट्रेलर एक शानदार सिनेमाई सफर पर ले जाने के साथ ही चोपड़ा की बेहतरीन शैली को दिखाता है। विधु विनोद चोपड़ा फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, भारतीय सिनेमा की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक के निर्माण में लगे पागलपन की एक झलक पाने के लिए तैयार हो जाइए! जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म 13 दिसंबर से सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जीरो से रीस्टार्ट का टीजर 13 नवंबर, 2024 को रिलीज हुआ था। ऐसे में ट्रेलर दर्शकों की एक्साइटमेंट को और भी बढ़ाता नजर आ रहा है। गोवा में हुए आईएफएफआई में फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था, जहां इसे काफी सराहा गया।




जीरो से रीस्टार्ट को लेकर विधु विनोद चोपड़ा ने हाल ही में बताया कि उन्हें लगता है कि ईमानदारी से फिल्म बनाने के लिए साहस बहुत जरूरी होता है, क्योंकि सिनेमा में असलियत को दिखाने की शक्ति होती है। चोपड़ा ने कहा, मैं यहां आप सभी के सामने वैसे ही खड़ा हूं जैसे मैं अपनी असल जिंदगी में हूं। मुझे इस फिल्म से अपशब्दों को हटाने और अपनी छवि चमकाने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया, ये मेरे लिए मुश्किल है।

विधु विनोद चोपड़ा ने आगे कहा- हम जो असल में हैं, उसे छिपाते हैं और इसे अपने तक ही सीमित रखते हैं और बाहर एक पूरी तरह से अलग इमेज दिखाते हैं। रियल होना जरूरी है। ये बहुत आसान हो सकता है, ये बहुत मुश्किल भी हो सकता है, लेकिन आपको रियल और आपको ईमानदार होना चाहिए।

# ब्लैक गाउन पहन रकुल प्रीत सिंह ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख फैंस का मचला दिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज पर उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनकी कातिल अदाएं



सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

रकुल प्रीत सिंह जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने ब्लैक कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।

बालों को पोनी स्टाइल लुक में बांधकर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

# अंकुरित गेहूं का सेवन सेहत के लिए होते है फायदेमंद, इससे बनाएं ये 5 पौष्टिक व्यंजन

अंकुरित गेहूं एक बेहद पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल की भरपूर मात्रा होती है।इसे अपनी डाइट में शामिल करने से न केवल आपकी ऊर्जा बढ़ सकती है, बल्कि पाचन तंत्र भी मजबूत हो सकता है।इस लेख में हम आपको अंकुरित गेहूं से बनने वाले खास व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जो रोजमर्रा के खाने से अलग और पौष्टिक हैं।इन व्यंजनों



को बनाना भी बहुत आसान है।

**अंकुरित गेहूं का सलाद**

अंकुरित गेहूं का सलाद एक ताजगी भरा और पौष्टिक व्यंजन है। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगा- 1 कप अंकुरित गेहूं, 1 कटा हुआ टमाटर, 1 कटा हुआ खीरा, 1 कटा हुआ प्याज, नींबू का रस, नमक और काली मिर्च।इसके लिए सभी सब्जियों को काटकर सभी सामग्रियों को अच्छी तरह मिला लें। यह सलाद न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को भी स्वस्थ रखता है।

**अंकुरित गेहूं की टिक्की**

अंकुरित गेहूं की टिक्की एक बेहतरीन स्नैक हो सकती है। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगा- 2 कप अंकुरित गेहूं, 2 उबले हुए आलू, अदरक, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, स्वादानुसार नमक और मसाले।इसे बनाने के लिए आलू को मीसें और सभी सामग्रियों को मिलाकर गोल-गोल टिक्कीयां तैयार कर लें।अब इन टिक्कियों को तेल में सुनहरा होने तक सेंके। ये टिक्कीयां प्रोटीन और काबोर्हाइड्रेट से भरपूर होती हैं, जो आपके स्नैक टाइम को सेहतमंद बना सकती हैं।

**अंकुरित गेहूं का सूप**

ठंड के मौसम में अंकुरित गेहूं का गर्मा-गर्म सूप पीने का मजा ही अलग होता है।इसके लिए आपको चाहिए होगा- 1 कप अंकुरित गेहूं, गाजर, बीन्स, मटर आदि जैसी सब्जियां, अदरक लहसुन का पेस्ट और मसाले।सब्जियों को उबालें और उसमें अंकुरित गेहूं मिलाएं। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और मसाले मिलाएं। इसे अच्छी तरह पकाएं, ताकि सभी स्वाद मिल जाएं।यह सूप विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो शरीर को गर्माहट और पोषण प्रदान करता है।

**अंकुरित गेहूं की खिचड़ी**

खिचड़ी तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन इस बार अंकुरित गेहूं की खिचड़ी चखकर देखें। इसके लिए आपको चाहिए होगा- आधा कप चावल, आधा कप मूंग दाल, 1 कप अंकुरित गेहूं, स्वादानुसार नमक और मनचाहे मसाले।सबसे पहले चावल और दाल को पकाएं, फिर उसमें अंकुरित गेहूं डालें और मसाले मिलाएं। यह खिचड़ी पेट के लिए हल्की होती है और पोषण से भरपूर होती है, जिससे पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है।

**अंकुरित गेहूं का पराठा**

पराठे तो सभी पसंद करते हैं, लेकिन इस बार अंकुरित गेहूं का पराठा बनाएं। इसके लिए आपको चाहिए होगा- आटा, उबले हुए आलू, बारीक कटे हुए प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, मसाले और अंकुरित गेहूं।आटे में सभी सामग्रियां मिलाकर पराठे बेल लें और घी में सेंक लें। ये पराठे स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।इन व्यंजनों को डाइट में शामिल करके आप स्वस्थ रेह सकते हैं।

# शतरंज खेलने से मिल सकते हैं कई फायदे, जानिए इसे अपनाने के तरीके



शतरंज एक ऐसा खेल है, जो न केवल दिमाग को तेज करता है, बल्कि धैर्य और रणनीति बनाने की कला भी सिखाता है।अगर आप शतरंज के शौकीन हैं या इसे सीखना चाहते हैं तो रोजाना अभ्यास करना बहुत जरूरी है। यह खेल आपके मानसिक कौशल को निखारता है और सोचने की क्षमता को बढ़ाता है।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीके बताते हैं, जिससे आप अपनी दिनचर्या में शतरंज को शामिल कर सकते हैं।

**समय निर्धारित करें**

रोजाना शतरंज खेलने के लिए एक निश्चित समय निर्धारित करें। यह समय सुबह का हो सकता है जब आपका दिमाग ताजा होता है या शाम का जब आप अपने काम से फ्री होते हैं।नियमित समय पर खेलने से यह आपकी आदत बन जाएगी। इससे न केवल आपका खेल बेहतर होगा, बल्कि मानसिक कौशल भी निखरेंगे।धीरे-धीरे आपको खेल में सुधार दिखेगा और आप नई रणनीतियों को आजमाने के लिए प्रेरित होंगे।

**छोटे लक्ष्य बनाएं**

शुरूआत में बड़े लक्ष्य बनाने के बजाय छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं। जैसे कि पहले हफ्ते में सिर्फ बुनियादी चालें सीखें, फिर अगले हफ्ते कुछ खास रणनीतियों पर ध्यान दें। इसके बाद हर दिन एक नई चाल या रणनीति पर काम करें। छोटे लक्ष्यों को पूरा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। इससे आप शतरंज के खेल में धीरे-धीरे माहिर हो जाएंगे और आपकी सोचने की क्षमता भी बेहतर होगी।

**ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें**

आजकल कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जहां आप दुनिया भर के खिलाडियों के साथ खेल सकते हैं।इन प्लेटफॉर्म्स पर खेलने से आपको अलग-अलग प्रकार की चालों और रणनीतियों का अनुभव मिलेगा, जिससे आपका खेल बेहतर होगा।इसके अलावा आप अपने खेल को रिकॉर्ड कर सकते हैं और बाद में अपनी गलतियों को सुधार सकते हैं।इन प्लेटफॉर्म्स पर विभिन्न स्तरों के खिलाड़ी होते हैं, जिससे आपको अपने स्तर के अनुसार प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलता है।

**किताबें और वीडियो देखें**

शतरंज की किताबें पढ ?ा और वीडियो देखना आपके खेल को सुधारने के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इससे आपको नए-नए तरीकों और चालों के बारे में जानकारी मिलती है, जो आपके खेल को बेहतर बनाने में मदद करती है।किताबों में दिए गए उदाहरण और वीडियो में दिखाए गए मैच आपको नई रणनीतियों को समझने का मौका देते हैं।विशेषज्ञों द्वारा दिए गए टिप्स भी आपकी समझ को गहरा करते हैं।

**दोस्तों और परिवार के साथ खेलें**

अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को भी इस खेल में शामिल करें। उनके साथ खेलने से न केवल मजा आएगा बल्कि प्रतिस्पर्धा का माहौल भी बनेगा जिससे आपका प्रदर्शन बेहतर होगा। आपसी मुकाबले से नई चालें और रणनीतियां सीखने का मौका मिलेगा। इससे आप एक-दूसरे की गलतियों से भी सीख सकते हैं और खेल में सुधार कर सकते हैं।इस प्रकार शतरंज को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आसान हो जाएगा और दिमागी कौशल भी निखरेंगे।

# दैनिक बुलन्द संदेश के जिला कार्यालय का विधायक लक्ष्मी राज सिंह एवं कलियर शरीफ के गद्दी नशीन सूफी मोहम्मद राशिद साबरी ने फीता काट कर किया उदघाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** दैनिक बुलन्द संदेश के जिला कार्यालय कचहरी रोड सेंट मोमिना स्कूल के सामने बुलंदशहर का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह और कलियर शरीफ गद्दी नशीन सूफी मोहम्मद राशिद साबरी ने फीता काटकर शुभ आरंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवं व्यापारी नेता रईस अब्बासी रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अधिकारी धर्मजीत सिंह, जिला खाद्य सुरक्षा आयुक्त विनीत कुमार, फूड इंस्पेक्टर महेश कुमार, यूनानी एवं आयुर्वेदिक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर वंदना रानी एवं समाजवादी पार्टी कांग्रेस और



भाजपा बसपा लोकदल के सम्मानित नेतागण एवं कोतवाली देहात थाना प्रभारी कोतवाली नगर थाना प्रभारी एवं क्षेत्रीय सभी चौकी इंचार्ज राष्ट्रीय लोकदल युवा जिला अध्यक्ष माजिद गाज किसान नेता विजय प्रजापति किसान नेता सुरेंद्र सिह, डॉक्टर अदनान, शाह फैसल एवं वरिष्ठ पत्रकार द्वारा अपने.अपने विचार रखे और वसीम अहमद सिद्दीकी को बधाई दी। सूफी मोहम्मद रशीद और उलेमा इकराम द्वारा कुराने पाक की तिलावत कर देश में अमन चैन की दुआएं मांगी । इस अवसर पर जिला संवाददाता वसीम सिददीकी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से बुलन्द संदेश अखबार नियमित प्रकाशित हो रहा है और उन्हें अखबार की लगातार सफलता पर गर्व है। इस मौके पर वसीम सिददीकी ने उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद किया।

# कुलपति ने किया लालागणेश प्रसाद वर्मा की प्रतिमा का अनावरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गोसाईगंज (लखनऊ)।** लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय के संस्थापक स्मृतिशेष डॉ गणेश प्रसाद वर्मा(दद्दा जी) की

**छात्राओ ने देखी दद्दा जी की जीवन यात्रा की डाक्यूमेंट्री फिल्म**

प्रथम पुण्यतिथि का आयोजन हुआ। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।उन्होंने लाला गणेश प्रसाद वर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने दद्दा जी की स्मृतियों से संबंधित वार्षिक पत्रिका अनुसूईया के स्मृति विशेषांक का विमोचन भी किया।कार्यक्रम मे संबंधित डाकुमेंटरी डॉ आयुष मिश्र द्वारा दिखाई गई । महाविद्यालय के मुख्यअतिथि ने दद्दा जी की स्मृतियों से संबंधित अपनी स्मृतियों को सभी





छात्राओं द्वारा दद्दा जी के पसंद के गीतों पर एक शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही दद्दा जी के जीवनयात्रा से प्रबंधक अम्बिका प्रसाद वर्मा मुख्यअतिथि का प्रतीक चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। के साथ साझा किया । उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जैसे हॉस्टल ,कैन्टीन ,प्ले ग्राउन्ड ,साफ सफाई आदि के लिए महाविद्यालय प्रबंधन की सराहना की, साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आगामी योजनाओं की चर्चा सबके साथ की।उन्होंने महाविद्यालय को एनएएसी के लिए शुभकामनाए दी । कार्यक्रम मे दिनांक 5 से 7 दिसम्बर तक नवोन्मेष 2024 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया । कार्यक्रम में डीन सीडीसी प्रोफेसर अवधेश कुमार त्रिपाठी,प्रोफेसर निशि पांडेय,प्रोफेसर एम वर्मा,श्रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी,प्रबन्धक अम्बिका प्रसाद वर्मा, एलजीपीबीवी के प्रबंधक शैलेश कुमार वर्मा ,प्राचार्या डॉ नीरज सिंह रघुवंशी,डॉ राजेश सिंह , भूपेंद्र मिश्रा एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## भूख प्यास से गोशाला में दम तोड रहे हैं गोवंशीय पशु

# समय से नहीं मिल रहा उपचार, पांच पशु मरणासन्न की स्थिति में, निरीक्षण के समय अधिकारियों को क्यूं नहीं मिलती खामियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सरकार द्वारा गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित रहने के गौशालाओं का निर्माण कराया गया है और उनके खाने पीने के लिए प्रति पशु 50रुपये प्रति दिन सरकार द्वारा मुहैया कराया जा रहा है, सरकार द्वारा बीमार पशुओं को समय रहते उनके इलाज का आदेश भी दिया गया है।

**अफसोस**

सरकारी योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से नही मिल रहा,समय रहते अगर गोवंशीय पशुओं का उपचार होता रहे तो शायद गौशालाओं में तड़फ तड़फ कर गौवंशीय पशुओं की मौत का सिलसिला थम सकता है, परन्तु ऐसा नही हो रहा गौवंशीय पशुओं को गौशाला में केवल सूखा भूसा ही मिल रहा है हरे चारे के दर्शन भी दुर्लभ हो गये है।

हम बात कर रहे हैं बहजोई व्लाक के गांव चौपा शोभापुर की जहां पर अस्थाई गौशाला बनी हुई है जिसमें लगभग 300गौवंशीय पशु है जिसमें अधिकांश पशु कमजोर है उसका कारण पूरी मात्रा में उनको चारा नहीं मिल रहा उसी गौशाला में पांच गौवंशीय पशु मौत और जिन्दगी से लड रहे है जिनको टेकर ने प्रधान के आदेश से त्रिपाल की आड़ में रख रखा है बह पशु अपनी जिंदगी की गुहार लगा रहे हैं परन्तु उनको देखने बाला कोई नही।

**आये दिन होता रहता है निरीक्षण**

हम बात करे निरीक्षण की तो क्या इसी को निरीक्षण कहते है अधिकारी गोबर गंदगी के चलते केवल रजिस्टर चैक करते हैं और साइड से खडे होकर निरीक्षण की फोटो शूट करवाया जाता है पर्दे के पीछे क्या है यह कभी देखने की कोशिश नही की अगर की होती तो गौवंशीय पशुओं की इतनी दुर्दशा नहीं हो रही होती।



**क्या है पर्दे के पीछे की सच्चाई**

गौशालाओं का निरीक्षण तो संबंधित अधिकारियों द्वारा किया पार्दर्शिता के साथ नहीं साहब गोबर भरे व गंदगी में होकर निरीक्षण तो नहीं करेंगे, इसीलिए पर्दे के पीछे की सच्चाई नहीं देख पाते ।

पर्दे के पीछे की सच्चाई मीडिया के कैमरे में कैद होते ही केयर टेकर ने ग्राम प्रधान को गौशाला में बुला लिया,आते ही प्रधान का तेवर तीसरे आसमां पर पहुंच गया और कहां की मेरी गौशाला में किसी को आने की इजाजत नहीं है फिर चाहे मीडिया ही क्यों न हो, उन्होंने कहा कि वीडियो बनाकर अच्छा नही किया, गौशाला में प्रवेश वर्जित का मतलब पर्दे के पीछे कुछ भी होता रहे किसी को पता नही चलना चाहिए।

जब इस संबंध में सचिव असलम से बात की तो उन्होंने कहा कि मे देखता हू क्या मामला है,इससे साफ जाहिर होता है की सचिव अपने कार्य में कितने निपुण हैं।

इस संबंध में एडीओ पंचायत आकाश कुमार का कहना है कि में स्वयं जाकर निरीक्षण करुंगा जो भी आवश्यक होगा उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पांडेय का कहना है कि हम किसी को भेज कर जांच कराते है, जांच के बाद में ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का कहना है कि में अभी टीम को भेजता हूं और बीमार पशुओं का उपचार शीघ्र कराता हूं।

**बर्जनः**

में खुद जाकर जांच करुंगा और जो भी जांच में आएगा उस आधार पर कार्रवाई होगी :**आकाश कुमार एडीओ पंचायत बहजोई।**

**बर्जनः**

में इसकी जांच कराता हूं जांच में जो भी साक्ष्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगीः **उपेन्द्र कुमार पांडेय डी पीआरओ संभल।**

**बर्जनः**

मामला मेरी संज्ञान में आया है उधर कोन देखता है में इसकी जानकारी निकल वाता हूं और उपचार हेतु वहां पर टीम भेजता हूंः **विनोद कुमार मुख्य पशु चिकित्साधिकारी संभल ।**

## कई साल तक जांच को लटकाए रखते हैं अधिकारी, भ्रष्टाचार को उजागर करने वालों को मिलती है धमकियां

# भ्रष्टाचारियों को बचाने का हर हथकंडा अपनाते हैं ब्लॉक से लेकर विकास भवन तक के अधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** ग्राम पंचायतों से लेकर विकास भवन तक भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि किसी भी व्यक्ति अथवा समाचार पत्रों में प्रकाशित भ्रष्टाचार की खबरों को दबाने और उनकी जांच में लीपा पोती करने में हर अधिकारी हर संभव प्रयास करता है। कोई भी शिकायत कर्ता यदि किसी मामले में जांच करने और कार्रवाई करवाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दे, तभी उसमें जांच का कुछ परिणाम निकल सकता है और जांच करने वाले अधिकारियों से यह उम्मीद करना बेमानी होगा कि कोई भी अधिकारी ईमानदारी से जांच करेगा और दोषियों को सजा भी होगी क्योंकि जांच करने वाले अधिकारी पहले तो जांच को दबाने और उसमें भ्रष्टाचारी कर्मचारी और अधिकारी को बचाने का हर संभव प्रयास करते हैं और यदि भ्रष्टाचार से या अनियमित तरीके से सरकारी धन को खर्च करने में पाई गई हेरा फेरी से बचने का कोई रास्ता ना रह जाए तभी जांच अधिकारी उसमें आरोप तय करता है अन्यथा बचाने का हर रास्ता तलाश किया जाता है।

विकासखंड माल की ग्राम पंचायत आंट गढ़ी सौरा में एक व्यक्ति ने ग्राम पंचायत में करीब चार वित्तीय वर्षों में किए गए भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए दर्जनों प्रार्थना पत्र दिए परंतु 1 साल से अधिक समय से चल रही जांचों का नतीजा यह निकला कि एक प्रधान की मृत्यु हो चुकी है और दूसरे तत्कालीन सचिव की भी मृत्यु हो चुकी है। और अब जिस धनराशि के गबन का आरोप लगा है उस धनराशि का आधा हिस्सा वर्तमान प्रधान से वसूली के लिए नोटिस जारी की जाएगी लेकिन यह बता पाना मुश्किल है कि उस धनराशि की वर्तमान प्रधान से इस कार्यकाल में वसूली हो पाएगी या फिर ऐसे ही नोटिस और कार्रवाई के नाम पर अधिकारियों द्वारा सिर्फ आदेश ही होते रहेंगे और नतीजा हमेशा की तरह शून्य ही निकलेगा। दूसरा प्रकरण विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत भदेसर मौका है यहां के निवासी संतोष कुमार मौर्य सहित ग्राम वासियों ने पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत भवन की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास, स्ट्रीट एवं सोलर लाइट, हैंड पाइप रीबो 'शौचालय ,मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार और गबन की शिकायतें, फरवरी 2021 में जिलाधिकारी लखनऊ से की थी जिसकी जांच जिला पंचायत राज अधिकारी लखनऊ के आदेश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास ने गांव में जाकर जांच की और मनमाने ढंग से रिपोर्ट लगाकर कई महीनो तक अपने पास रख रहे जब शिकायतकताओं ने काफी प्रयास किया तो उन्होंने उस जांच रिपोर्ट को जिलाधिकरी के पास भेजा जिसके बाद जिलाधिकारी ने 16 मार्च 2022 को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से तत्कालीन ग्राम प्रधान को कारण बताओं नोटिस जारी किया । उक्त नोटिस को सहायक विकास अधिकारी पंचायत मलिहाबाद के माध्यम से तत्कालीन ग्राम प्रधान को रिसीव करते हुए तीन दिन में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का निर्देश दिया था लेकिन उसका कोई नतीजा न निकलने पर शिकायतकताओं ने जिला अधिकारी से सूचना के अधिकार के तहत कार्रवाई की जानकारी मांग ली जिस पर जिलाधिकारी कार्यालय ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर अंतिम जांच के लिए जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी एवं सहायक जिला पंचायत राज्य अधिकारी को नामित कर दिया।

# चार आरोपियों के खिलाफ केस, 3 हुए बरी, पीड़ित परिवार से मिले राहुल गांधी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 19 साल की उस लडकी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था और 29 सितंबर 2020 में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी.

इतना ही नहीं 30 सितंबर को उसके घर के पास ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया. मृतक लडकी के परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की और जल्दबाजी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया. इतना ही नहीं इस दौरान पुलिस ने उन्हें घर में बंद कर दिया था. हालांकि, स्थानीय



पुलिस अधिकारियों ने कहा कि देह संस्कार परिवार की इच्छा के अनुसार किया गया था. मामले से निपटने के तरीके को लेकर आलोचनाओं का सामना करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश की।

# टप्पेबाजों ने महिला के कुंडल व अंगूठी उड़ाई, महिला ने दी तहरीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** सवारी के इन्तजार में खड़ी महिला को झांसे में लेकर टप्पेबाजो ने उसके कुण्डल व अंगूठी गायब कर दी । महिला की तहरीर पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर टप्पेबाजों की तलाश में जुटी है।पीलीभीत के ग्राम बिथरा वासी महेश चन्द्र पाठक की पत्नी निर्मला देवी गत मंगलवार की दोपहर में अपनी बड़ी बहन के घर क्योंलडिया से टैम्पो में बैठकर नवाबगंज आयी थी । वह जैसे ही टैम्पो से उतरकर चौराहे पर नियोरिया जाने के लिए बस के इन्तजार में खड़ी हुई, एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आकर बोला कि मेरी गाड़ी सामने खड़ी है और खटीमा जा रहा हूं आपको बिथरा अड्डे पर उतार दूंगा । उसके झांसे मे आकर महिला जैसे ही उसकी ईको गाड़ी में बैठी , वह व्यक्ति बोला कि सवारियो के साथ गहने पहन कर बैठना खतरे से खाली नहीं है , माताजी अपने गहने उतार कर थैली में रख लो और घर जाकर पहन लेना । उसकी बातों में आयी महिला ने अपने कुण्डल व अंगूठी उतार कर उस व्यक्ति द्वारा दी गई थैली में रख लिए जिसके बाद उस व्यक्ति ने महिला के हाथ से थैली लेकर उसके थैले में रख दी । कुछ देर गाड़ी में बिठाने के बाद गाड़ी चालक ने ये कहते हुए कि सवारी नहीं मिल रही हैं अब मैं नहीं जाऊंगा और अपनी गाड़ी लेकर दफा हो गया ।

गाड़ी से उतरकर महिला ने जब पुड़िया देखी तो उसमें दो पथरी निकली तो उसे ठगी का एहसास हुआ । घर से वापस आयी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है जिस पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीबी खंगाले लेकिन टप्पेबाज का कोई सुराग नहीं मिल सका ।

# बरेली ट्रैफिक पुलिस ने जारी की "ट्रैफिक हेल्पलाइन" नंबर-5812565758, 247 मिलेगी सहायता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (आशू बेग) ।** यातायात संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बरेली ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाते हुए "ट्रैफिक हेल्पलाइन" की शुरूआत की है। यह सेवा बरेली नगर निगम स्थित आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) से संचालित होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य और पुलिस अधीक्षक यातायात मुहम्मद अकमल के मार्गदर्शन में इस हेल्पलाइन का शुभारंभ 12 दिसंबर 2024 को किया गया।

हेल्पलाइन के माध्यम से मिलेगी ये सुविधाएंः

बरेली का यह कदम उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसमें नागरिक यातायात से जुड़ी अपनी समस्याओं को विभिन्न माध्यमों से साझा कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कॉल, व्हाट्सएप, फेसबुक और (पूर्व में ट्विटर) के जरिए संपर्क किया जा सकता है।

हेल्पलाइन नंबरः
कॉलः 05812565758
कॉल/व्हाट्सएपः 9760160112
फेसबुकः traffic-helplineBareilly
X (ट्विटर): @trfhelplinebry

**247 मिलेगा समाधानः**

यह हेल्पलाइन 24 घंटे और सातों दिन सक्रिय रहेगी। यातायात नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में प्रशिक्षित महिला और पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। महिला पुलिसकर्मी कॉल अटेंड करेंगी और पुरुष पुलिसकर्मी शिकायतों को संबंधित विभाग तक पहुंचाकर समाधान सुनिश्चित करेंगे।




ये समस्याएं दर्ज कराई जा सकती हैं:

1. यातायात जाम की जानकारी और समाधान।
2. सड़क दुर्घटनाओं की रिपोर्टिंग।
3. चालान की स्थिति की जानकारी।
4. अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की शिकायत।
5. ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनुचित व्यवहार की रिपोर्टिंग।
6. यातायात सिग्नल की समस्याएं।
7. नो एंट्री में वाहनों के प्रवेश की शिकायत।
8. आपातकालीन दुर्घटनाओं में घायलों के लिए सहायता।

जनहित में उठाया गया कदमः

हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा और उच्चाधिकारियों द्वारा उनकी समीक्षा की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बरेली की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है।

यह पहल बरेली वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे यातायात समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जा सकेगा।

## जन्मदिन — सूचना निदेशालय में केक काटकर पत्रकारों ने मनाई खुशियां

# पत्रकारों ने सूचना निदेशक का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** सूचना निदेशक श्री शिशिर सिंह(आई.ए.एस.) का जन्मदिन सूचना विभाग में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ पत्रकारों ने मनाया। पत्रकारों ने शिशिर को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर श्री शिशिर ने पत्रकारों के साथ केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर शिव शरण सिंह मण्डल अध्यक्ष यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह, उपाध्यक्ष अविनाश चंद मिश्रा, राघवेंद्र त्रिपाठी, संयुक्त सचिव विजय त्रिपाठी, सदस्य अब्दुल वहीद, भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी, रितेश सिंह,अपर



सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, जे पी सिंह, लेखाधिकारी संजय सिंह,परशुराम मौर्या,वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शुक्ला, त्रिपाठी, विक्रम सिंह संजीव कपासिया, नवलकांत सिन्हा, सुरेश यादव, सुनील कुमार वर्मा, आशीष कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, सचिव जुबैर अहमद,देवराज सिंह,शिव विजय सिंह, संजय सिंह, धनंजय सिंह,अजय कुमार सिंह,के के सिंह, नजम अहसन,आलोक गुप्ता,अजय सिंह,सुनील, छायाकार आरिफ मुकीम,अंब्रिश सिंह,पवन सिंह, तमन्ना फरीदी,शशांक श्रीवास्तव,प्रमिला चंदानी, सुनील साथ ही भारी संख्या में पत्रकारगण और सूचना विभाग के कपिल सिंह,शालिनी तोमर, प्रमोद ,संदीप ओझा,राहुल आदि मौजूद थे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण सिंह और अब्दुल वहीद ने कहा कि श्री शिशिर जी के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छू रहा है और पत्रकारों के हित संरक्षण में भी अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। परमपिता परमात्मा से यही कामना है कि श्री शिशिर जी सदैव स्वस्थ व सानन्द रहें और दीघार्यु हों। शिशिर जी के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छूकर उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने में अव्वल साबित हुए है सूचना निदेशक।अपनी कार्यशैली के जरिए उन्होंने पत्रकारों का दिल जीत लिया है।

# विद्युत उपभोक्ताओं बकाए के ब्याज में छूट के लिए वेबसाइट पर कराएं रजिस्ट्रेशन : एसडीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल के ब्याज में छूट के लिए एक मुश्त समाधान योजना ओटीएस 15 दिसंबर से चलाई जा रही है ।उपभोक्ताओं को प्रथम द्वितीय और तृतीय चरण में बिजली बिल में छूट दी जाएगी।

सिंभावली एसडीओ तेजपाल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए समय-समय लाभकारी योजनाएं चलाई जाती है। इसी के तहत एक मुश्त समाधान योजना ओटीएस चलाई गई है ।जिसमें उपभोक्ताओं को 30 सितंबर तक के बकाया बिल में 30 प्रतिशत पंजीकरण



राशि के रूप में जमा करना होगा ।इस योजना का प्रथम चरण मे बकाया बिजली बिल के ब्याज में सौ प्रतिशत छूट का उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा,उसके बाद छूट की परसेंटेज घटती जाएगी ।उन्होंने बताया वेबसाइट पर पंजीकरण करने के बाद किश्त में बकाया जमा कर सकते है। वही 31 मार्च 2023 तक के नलकूपों के बकाया बिजली बिलों में छूट को इसी श्रेणी में रखा गया है।

बाकी घरेलू उपभोक्ता,निजी संस्थान, कर्मिशियल व लघु और मध्यम उद्योग के उपभोक्ता शामिल हैं 15 दिसंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक तीन चरणों में चलेगी। इसका पहला चरण 15 से 31 दिसंबर तक 16 दिन, दूसरा चरण एक से 15 जनवरी तक 15 दिन और तृतीय चरण 16 से 31 जनवरी तक 16 दिन रहेगा

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267